

■ लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल
- 12



■ इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक
- 12



■ नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध
- 13



■ जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर
- 14

**आज का मौसम**

26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.46
सूर्यास्त 06.00


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 181, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# योगी की चेतावनी- वंदे मातरम नहीं गाने वालों को कान पकड़ कर करें बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में मुख्यमंत्री के तीखे तेवर, कहा- हिंदुस्तान की खाएंगे लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे
- कहा-विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा मातृशक्ति का अपमान
- योगी ने गिनाई उपलब्धियां सपा को अपराधियों की जननी बताया बोले-देख सपाई बिटिया घबराई



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों पर बरसते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वंदेमातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। वंदेमातरम का जो विरोध करता है उसका कान पकड़ करके धक्का देकर बाहर करना चाहिए। बोले कि 'वंदेमातरम का जो विरोध करेगा, वह वहीं जाए जहां पर उसको विरोध का स्वर दिखाई देता है, हिंदुस्तान की धरती पर रहने का अधिकार नहीं है'। योगी ने लोकसभा में कांग्रेस व सपा सांसद के बयान पर चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में 2 घंटे 13 मिनट तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करके मुख्य विपक्षी दल सपा ने न केवल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृ शक्ति का भी अपमान किया। सनातन धर्म की परंपरा में मां की उम्र या अपनी उम्र से बड़ी महिला को मां के समान सम्मान देने का विधान है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए गालिब का शेर भी पढ़ा कि 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। बताया कि आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। महिलाओं की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले देख सपाई बिटिया घबराई जैसी कहावत प्रचलित थी, लेकिन आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सपा पर सीधा हमला बोलते हुए उसे अपराधियों की जननी बताया। एनकाउंटर और कानून-व्यवस्था पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। हम कानून का पालन भी जानते हैं और पालन करवाना भी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस पर आधारित है। इंसेफेलाइटिस, माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे बीमारी को रौंद डाला गया, वैसे ही माफिया राज को भी खत्म किया गया है।

आउटसोर्सिंग की डकैती में अधिकांश लोग सपा के योगी ने कहा कि आउटसोर्सिंग की डकैती में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका रही है। इसी कारण सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था लागू कर मजदूरी और भुगतान को सुरक्षित किया है।

### गाजी के पाप का बदला कैसे लें महाराज सुहेलदेव से सीखिए

मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा सुहेलदेव का उल्लेख करते हुए कहा कि गाजी के पापों का उत्तर इतिहास और शौर्य से मिलता है, तुष्टिकरण से नहीं। सपा पर आरोप लगाया कि राष्ट्रद्रोहियों को महिमा मंडित करते हैं और राष्ट्रनायकों का अपमान करते हैं। गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाए, यह महाराज सुहेलदेव से सीखिए। हमने उनके नाम से आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बनाया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 2025 में लगभग 3 .03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को बंद किया गया। उन्होंने साइबर हमलों से तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों से अवगत कराया कि आधार ओटीपी सत्यापन ने वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार और पारदर्शिता बढ़ाने में योगदान दिया है।

### तस्कर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क की गई संपत्तियों में मणिगम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा शामिल हैं। ये संपत्तियां कुलगाम के निपोरा इलाके के निवासी मोहम्मद अशरफ खंडे की हैं, जो कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह साबित हो जाने के बाद कि ये संपत्तियां अवैध मादक पदार्थ के धंधे से अर्जित की गयी हैं, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई।

### लखनऊ, अयोध्या समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत प्रदेश के 19 जिला कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी शुक्रवार सुबह दी गई। यह धमकी सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल के जरिये भेजा गया। जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पूरा कचहरी परिसर खाली कराया गया। पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने सर्च अभियान चलाया। वहीं साइबर क्राइम की टीम ई-मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। लखनऊ में जिला कचहरी में चार घंटे तक सर्च अभियान चला, हालांकि कुछ भी हाथ नहीं लगा। परिसर की सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए

# अब सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

## प्रधानमंत्री ने नए कार्यालय का किया उदघाटन, किसानों-महिलाओं के कल्याण को लिए अहम निर्णय

- यहां पर पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यालय अब रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन के निकट स्थित औपनिवेशिक काल की साउथ ब्लॉक इमारत से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित हो गया। यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे और इस परिसर का उद्घाटन किय। इस दौरान मोदी ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।

### सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएमओ और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की निगरानी में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर इससे मुक्त

**अमृत विचार :** प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव-विच्छेदन) प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएंगे। दिशा निर्देश के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शव विच्छेदन प्रक्रिया से मुक्त कर दिए गए हैं।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित शर्तों के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। यूपी शरीर रचना परीक्षण अधिनियम-1956 के तहत लावारिस शवों का पोस्टमार्टम निजी मेडिकल कॉलेजों में होगा। लेकिन, अपराध या मेडिकल बोर्ड से जुड़े मामलों को निजी संस्थानों को नहीं सौंपा जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और विधिसम्मत है। नए निर्देशों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया यूपी मेडिकल मैनुअल और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी सीएमओ और संबंधित संस्थान के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष की होगी। निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले उच्च स्तरीय समिति का निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जो थानों के आवंटन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगी।

### बदलाव से सरकारी अस्पतालों को राहत

पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किए गए बदलाव का सकारात्मक असर सरकारी अस्पतालों पर पड़ने की उम्मीद है। अब फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों की निगरानी में शव-विच्छेदन होने से स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में तैनात सर्जन व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को पोस्टमार्टम ड्यूटी से राहत मिलेगी। इससे उनकी ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।

# बांग्लादेश में तारिक रहमान का पीएम बनना तय

ढाका, एजेंसी

**20 साल बाद सत्ता में वापसी**



बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस के कार्यकाल में ढाका के नई दिल्ली से रिश्तों में काफी गिरावट आई।

# मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या



- दिनदहाड़े 10 गोलियां मारी शोएब को तीन से चार गोलियां लगीं लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर घटी घटना

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं। इस घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। वहीं मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण कुमार व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की।

अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस आ रहे थे। अभी वह असेनी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक कार के आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। करीब दस राउंड फायरिंग में कई गोलियां कार का शीशा पार कर गईं, वहीं तीन गोलियां लगने से बॉबी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान ओवरब्रिज के ऊपर भी दो बदमाश खड़े हुए थे। इस बीच हमलावर भाग निकले। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार से निकालकर खून से लथपथ शोएब को अस्पताल भिजवाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल की पड़ताल कर ही रहे थे कि एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी बाराबंकी आ गए और घटना की जानकारी ली। एसपी बोले कि मुख्तार गैंग से जुड़े बॉबी शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर थे और उन पर हत्या और गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। उधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अधिवक्ता बॉबी की हत्या से वकील आक्रोशित हो गए और विरोध जताया।

# ट्रक से टकराई कार, मां-बेटे की मौत

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह हुए सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। सड़क हादसा मदनपुर पनियार शुक्ला पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक ट्रक सड़क पर आगे चल रहा था। तभी पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया।बताया गया कि कार में चालक समेत कुल चार लोग सवार थे। इनमें तीन लोग बिहार के मुजफ्फरपुर के निवासी बताए गए हैं, जो बलिया जा रहे थे। वहीं कार में सवार घायल महिला अमृता शाहजहांपुर से वाराणसी लौट रही थीं।प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बेबी मसीह (45) पत्नी स्व. जगदीश मसीह और उनके पुत्र अर्पित कुमार (20) को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मां बेटे की मौत हो गई।

हादसे में संजू (27) पुत्री स्व. जगदीश मसीह को सामान्य चोटें आई हैं। मृतक बेबी मसीह, अर्पित कुमार और घायल संजू मूल रूप से अमहर दक्षिण पट्टी माधवपुर, थाना रसड़ा, जनपद बलिया के निवासी बताए गए हैं। वहीं कार में सवार एक अन्य घायल अमृता (40) पत्नी निर्मल जैनब जैनिया वाराणसी से हैं।पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना की एक वजह चालक को झपकी आना भी मानी जा रही है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में लम्भुआ सीओ ऋतिक कपूर ने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपित वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**खगोल विज्ञान** | चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना 3 मार्च को होगी, जो भारत से देखी जा सकेगी

# मंगलवार को लगेगा वर्ष का पहला वलयाकार सूर्यग्रहण

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर यानि वलयाकार होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत से देखा जा सकेगा।

यह वलयाकार सूर्यग्रहण दक्षिणी गोलार्ध में लगने जा रहा है। जिसका पाथ अंटार्कटिका से होकर जाएगा। इसका पाथ बहुत संकरा है, जो लगभग 616 किमी चौड़ी पट्टी का होगा, जबकि इसकी लंबाई में 4282 किमी का क्षेत्र कवर करेगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3.26 बजे सूर्यग्रहण लगना शुरू होगा। इस ग्रहण में सूर्य का सिर्फ बीच का हिस्सा ग्रहण की चपेट में आता है, जबकि किनारे ग्रहण से मुक्त रहते है। जिसके चलते यह आग का छल्ला जैसा दिखाई देता है। देखने में ग्रहण का यह दृश्य मनमोहक लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच की दूरी अधिक होने के कारण वलयाकार सूर्य ग्रहण होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूरज को पूरी तरह ढक लेता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण की अवधि दो मिनट की रहेगी। इसके बाद आंशिक ग्रहण बना रहेगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3.26 बजे होगी। शाम 5:42 बजे ग्रहण मध्यस्था में होगा। शाम 7.57 बजे सूर्यग्रहण के साए से मुक्त हो जाएगा। भारत में सूर्य नीचे होने के कारण ग्रहण दिखाई नहीं देगा।इसके बाद अगला सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा, जो पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसके बाद चंद्र ग्रहण तीन मार्च को लगने जा रहा, हो भारत से देखा जा सकेगा।

### मनमोहक होगा नजारा

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार ग्रहण की घटना अद्भुत होती है। वलयाकार सूर्य ग्रहण मनमोहक होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सूरज के कोरोना को देखा जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।

## कार्यालय- नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पंत्राक–125/न0पं0कि0 / ई–निविदा/2025–26 दिनांक–13–02–2026

### निर्माण कार्य की निविदा हेतु महत्वपूर्ण तिथियों की सूची
### ई–टेण्डर

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. वार्ड मखदूमनगर दरगाह में अब्दुल हक शाह के मकान के पूरब मखदूम साहब बाबा के स्थान तक सीसी रोड एवं नाली पटिया का कार्य।<br>2. वार्ड मखदूमनगर दरगाह में कादिर के मकान से बीबी बिलायी मार्ग तिराहे के पहले पुलिया तक सीसी रोड नाली निर्माण पटिया का कार्य।<br>3. वार्ड मखदूमनगर दरगाह में बैठका तिराहे से कमाल पण्डित के स्थान तक सीसी रोड नाली का निर्माण तथा पटिया का कार्य।<br>4. वार्ड मखदूमनगर दरगाह में सुहेल मियां के मकान के आगे शरीफ पान वाले के उत्तर बैठका तिराहे तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा पटिया का कार्य। |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि, वर्षा ऋतु सहित | 03 माह |
| 3 | निविदा जारी करने की तिथि | 13.02.2026 |
| 4 | Website-https://etender.up. nic.in पर निविदा एवं अभिलेख अपलोड करने की अवधि | दिनांक 16.02.2026 03:00 बजे से 09.03.2026 03:00 बजे तक |
| 5 | Pre-Bid मीटिंग हेतु तिथि, समय एवं स्थान | 06.03.2026 (नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा कार्यालय) |
| 6 | ऑनलाइन बिड डाउनलोड अपलोड करने की अवधि | दिनांक 16.02.2026 03:00 बजे से 09.03.2026 03:00 बजे तक |
| 7 | निविदादाता द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने एवं स्वीकृति के उपरान्त अपलोड किए गए तकनीकी बिड्स के निर्धारित प्रपत्रो, मूल अभिलेखो एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (ईएमडी) शपथ पत्र सम्बन्धी दस्तावेज़ मूलरुप में इस कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से प्रस्तुत किए जाने की तिथि 07.03.2026 | उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी शासनादेश सं0 01/2018/3070/78–2–2018/42IT/2017(22)/03. 01.2018 के अनुसार निविदादाता मूल अभिलेख फाइनेन्शियल बिड खुलने के तीन दिवस पूर्व या तीन दिवस बाद नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर में स्वयं या अपने प्रतिनिधि द्वारा या डाक से जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2026 समय 03:00 बजे |
| 9 | निविदा खोले जाने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर |

उप सचिव उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र सं0–5340 /2025/001–Comp no–1954407 दिनांक 24 नवम्बर 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों/नगर पंचायतों में अवस्थित, सांस्कृति, धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक सुवधिाओं के विकास हेतु वंदन योजना अनुदान सं0–37 लेखा शीर्षक 2217808001100 धार्मिक ऐतिहासिक महत्वपूर्ण नगरीय निकायों में मूलभूत अवस्थापन सुविधाओं हेतु अनुदान मानक मद 35 पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर को निम्न कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वीकृति के पश्चात नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में अ, ब श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के निविदा दे सकता है।

**1–कार्यो से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0 डी0) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस. टी. सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में अब्दुल हक शाह के मकान के पूरब मखदूम साहब बाबा के स्थान तक सीसी रोड एवं नाली पटिया का कार्य। | 39.84 | 398400 | 4000 +720 4720 | 03 माह |
| 2 | | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में कादिर के मकान से बीबी बिलायी मार्ग तिराहे के पहले पुलिया तक सीसी रोड नाली निर्माण पटिया का कार्य। | 37.85 | 378500 | 3800 +684 4484 | 03 माह |
| 3 | | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में बैठका तिराहे से कमाल पण्डित के स्थान तक सीसी रोड नाली का निर्माण तथा पटिया का कार्य। | 38.65 | 386500 | 3900 +702 4602 | 03 माह |
| 4 | | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में सुहेल मियां के मकान के आगे शरीफ पानवाले के उत्तर बैठका तिराहे तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा पटिया का कार्य। | 37.85 | 378500 | 3800 +684 4484 | 03 माह |

1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
3. निविदा अभिलेखों की उपलब्धता और निविदा डालने की विधि: निविदा आन लाइन उपलब्ध है, निविदा आन लाइन डालने हेतु निविदादाता को https://etender .up.nic.in रजिस्टर्ड होना आवश्यक है तथा निविदादाता के पास अपना मान्य डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) हो तभी वह ई–निविदा में प्रतिभाग कर सकता है।
4. निविदा शुल्क:– कालम 6 के अनुसार (जो कि वापस नहीं किया जायेगा) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर के नगर पंचायत अशरफपुर के एस0बी0आई0 बैंक के खाता सं0–32922048267 (IFSC CODE-SBIN0011233) में जमा कर रसीद को स्कैन्ड कर अपलोड करना होगा।
5. धरोहर धनराशि (EMD):– बिना धरोहर धनराशि के बिड मान्य नहीं होगी। धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर के नगर पंचायत अशरफपुर के एस0बी0आई0 बैंक के खाता सं0–32922048267 (IFSC CODE-SBIN0011233) में जमा करना होगा तथा ट्रान्जेक्शन रसीद को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. **मूल दस्तावेजों का सबमिशन–**

(अ) निविदादाता को आई0टी0बी0 के क्लाज 3–i (1) के अनुसार correctness के लिए Affidavit देना अनिवार्य होगा।

(ब) ई–टेण्डर पोर्टल के माध्यम से सबमिट किये गये बिड आई.डी. की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उ0प्र0 सरकार के शासनादेश संख्या– 01/2018/3070/ 78/2–2018/42 आईटी/2017(22)/03.01.2018 के अनुसार निविदादाता को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड किये गये बिड्स के निर्धारित प्रपत्रों, मूल अभिलेखों एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (ईएमडी) सम्बन्धी ट्रान्जेक्शन शीट आदि स्वप्रमाणित दस्तावेज़ मूलरुप में इस कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

7. कार्य पूर्ण करने की अवधि कालम 7 में अंकित की गयी है, जो वर्षा ऋतु सहित दर्शाया गया है।
8. बिल वैधता की अन्तिम तिथि बिड डालने से 90 दिनों तक रहेगी। एक बार बिड सबमिट हो जाने पर बिड डालने की अन्तिम तिथि के बाद उसको विड्रा नहीं किया जा सकता है।
9. स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। निविदा सूचना में अंकित कार्य में परिवर्तन हो सकता है, नगर पंचायत की आवश्यकता के अनुसार संख्या घटायी/बढ़ायी जा सकती है, जिसके लिए ठेकेदार/फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
10. बिड e-procurement पर अनिवार्य रुप से आनलाइन जमा कर दी जायें आनलाइन बिड दिनांक 06.03. 2026 को 03:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।
11. निविदादाता को निम्न अभिलेख की स्केन कापी आनलाइन अपलोड करें तथा मूल कापी अनुबन्ध के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–

a. एक नान ज्यूडिशियल 100 रुपये के स्टैम्प पेपर पर शपथ पत्र (टी–6 फारमेट पर) देना होगा।

b. एक शपथ पत्र कि बिड 90 दिनों तक मान्य होगी तथा सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों, असमाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नहीं है, निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का शपथ पत्र एक नान ज्यूडिशियल 100 रुपये के स्टैम्प पेपर पर देना होगा।

c. जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त स्वप्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र (टी–4) संलग्न करें।

d. जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त स्वप्रमाणित हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5) संलग्न करें।

e. किसी भी स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में अ, ब, श्रेणी में पंजीकरण की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

f. निविदादाता द्वारा अपना अधिकृत पता, ई–मेल आई0डी0, मोबाइल नम्बर तथा सम्पर्क नम्बर अपने लेटर पैड पर लिखकर अपलोड करना होगा।

g. स्वप्रमाणित पैन कार्ड की छाया प्रति।

h. स्वप्रमाणित जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति ।

i. श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित छायाप्रति

12. आई.टी.बी. के क्लाज 3.1 इ(प) के अनुसार कोई भी निविदादाता जिनका सम्बन्धी अथवा उनकी पत्नी कोई निकट सम्बन्धी (प्रथम रक्त सम्बन्धी अथवा पत्नी) इस न्स्ठ में अधिशासी अधिकारी, अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, लेखाकार, विभागीय लिपिक/ यू.एन.ए./ए.एन.ए./के.एन. ए. के पद पर तैनात/कार्यरत हो अथवा निर्वाचित अध्यक्ष / सभासद हो, वह निविदा डालने के लिए योग्य नहीं होगा। निविदादाता द्वारा यह शपथ पत्र भी दिया जायेगा जिसमें उनके सम्बन्धियों के नाम तथा उनके पदनाम का स्पष्ट उल्लेख करेगा जो इस न्स्ठ में कार्य को एवार्ड करने अथवा सम्पादित करने के लिए जिम्मेदार है।
13. आई.टी.बी. के क्लाज 3.1 b (ii) के अनुसार कोई राज्यपत्रित अधिकारी जो कि राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार में कार्यरत हो, सेवानिवृत्ति की अवधि के एक वर्ष तक बिना सरकार की अनुमति के ठेकेदारी कार्य के लिए प्रतिबन्धित होगें। यदि ठेकेदार या उसका कोई कर्मचारी इस परिस्थिति में कभी बिना सरकार के अनुमति के कार्यरत पाया जाता है तो उसका ठेका निरस्त समझा जायेगा। यही शर्त इस विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए भी लागू होगा।
14. कोई भी गजटेड आफिसर्स जो एक वर्ष के अन्दर किसी भी प्रदेश या केन्द्र सरकार की सेवा से रिडायर्ड हो, शासन की अनुमति के बिना निविदा नहीं डाल सकता है।
15. कोई भी निविदादाता जिसे मा0 न्यायालय से आपराधिक मामले में दण्डित हुआ हो, वह निविदा में भाग नहीं ले सकता है।
16. कार्य को किसी दूसरे ठेकेदार को सबलेट (शिकमी देना / हस्तान्तरण) नहीं किया जा सकता।
17. निविदा से सम्बन्धित विवरण, निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्रांइग, विशिष्टियां, मात्राओं का विवरण एवं निविदा की शर्ते, जिनका ठेकेदार द्वारा पालन किया जाना है, वेब साइट http//etender.up.nic.in से डाउनलोड कर सकते है (निविदा के तकनीकी शर्तो के अतिरिक्त ई–टेण्डर पोर्टल पर निविदादाता द्वारा कोई अन्य अभिलेख अपलोड नहीं किया जायेगा)।
18. निविदादाता किसी भी बार काउन्सिल में यदि रजिस्टर्ड हो तो वह निविदा में भाग नहीं ले सकता है।
19. निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर श्रम विभाग में अपने मजदूरों का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।
20. निविदादाता अपना दर फाइनेन्सियल बिड में संलग्न ठव्फ में अंकित करेगा।
21. निविदादाता को अनुबन्ध के समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–

(अ) (1)–आई.टी.बी. के क्लाज 3.1 b (i) एवं (2) 3.1 b (ii) के अनुसार शपथ पत्र।

(3)–निविदादाता द्वारा कार्य के आवश्यकतानुसार मशीनरी एवं उपकरणों की व्यवस्था किये जाने के आशय का प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(4)–कार्य को किसी दूसरे ठेकेदार को सबलेट (शिकमी / हस्तान्तरण) न करने का शपथ पत्र।

(ब) स्वप्रमाणित पैन की प्रति।

(स) स्वप्रमाणित जी.एस.टी. प्रमाण पत्र।

(द) स्वप्रमाणित श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र।

(य) बिड कैपिसिटि गणना शीट।

22. निविदादाता को शासन द्वारा समय समय पर जारी शासनादेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
23. खनन विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या 3385/86–2015–292/2016 दिनांक 15.10.2016 तथा समय–समय पर संशोधित आदेशों के क्रम में रायल्टी की कटौती की जायेगी।
24. निविदाओं की बीओक्यू में अंकित कार्यो की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है, जिसके लिए ठेकेदार / फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
25. किसी भी ई–निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
26. किसी भी दशा में कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि बढ़ायी नहीं जायेगी, जब तक कि कोई यथोचित कारण न प्रस्तुत किया जाये।
27. जी0एस0टी0 हेतु निर्धारित दरों का पालन करना अनिवार्य होगा।
28. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में ULB T-1 में निहित सेक्शन 1 में अग्रेंजी भाषा में दी गई शर्ते ही अंतिम रुप से मान्य होगी।
29. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र अम्बेडकरनगर होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा**
**अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा**
**अम्बेडकरनगर**

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर ''किशोर जी''
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# कचहरी को 18 बमों से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

## जिला जज की आधिकारिक वेबसाइट पर आई ईमेल, खाली कराई गई सभी अदालतें व कचहरी परिसर, प्रवेश पर लगी रोक

## बीडीएस टीम ने की अदालत और अधिवक्ता चैंबरों तथा बैठने के स्थान की सघन जांच, पूरी कचहरी छावनी में तब्दील

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला जज की आधिकारिक वेबसाइट पर भेजी गई ईमेल से कचहरी को 18 बमों से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल मिलते ही शुक्रवार दोपहर न्याय प्रशासन, जिला व पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। पुलिस ने आठ मंजिला बिल्डिंग की अदालतों से अधिवक्ताओं, जजों और वादकारियों को बाहर निकाला। बीडीएस की टीम ने सभी अधिवक्ता चैंबरों समेत पूरे परिसर को गहनता से खंगाला। जांच में कुछ न मिलने व धमकी का निर्धारित समयावधि बीतने के बाद न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

रोज की तरह अधिवक्ता शुक्रवार को जिरह में व्यस्त थे। टाइपिस्ट मुकदमें के मजमून टाइप कर रहे थे। न्यायिक अधिकारी कोर्ट का काम देख रहे थे। वादकारी अपने मुकदमों की पुकार सुन रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12:55 बजे जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की आधिकारिक वेबसाइट पर एक ईमेल आई। यह ईमेल किसी एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड की ओर से भेजा जाना बताया गया। इसमें कहा गया था कि दिन में 1:30 बजे पूरी अयोध्या कचहरी को 18 बमों से उड़ा दिया जाएगा। बताया जाता है कि इसी तरह का ईमेल प्रदेश की अन्य कचहरियों में भी आया था। जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने इसकी सूचना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र व पुलिस व जिला प्रशासन को दी। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी बम डिस्पोजल स्क्वॉयड, डॉग स्क्वॉयड व भारी पुलिस बल के साथ कचहरी पहुंचे और अदालतों में मौजूद अधिकारियों और अधिवक्ताओं को बाहर निकाला। सभी अधिवक्ताओं को भी उनके चैंबरों व बैठने के स्थान बाहर करवा दिया गया। कचहरी में लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। कचहरी से अधिवक्ताओं और वादकारियों को निकालने के लिए अधिवक्ता संघ से अनाउंसमेंट भी किया। इसके बाद जांच दल ने पूरी कचहरी परिसर, कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट, न्यायिक अधिकारियों के चेंबर तथा अदालतों की सघन जांच की। बम विस्फोट के निर्धारित समय अवधि के पहले ही समस्त जांच पूरी कर ली गई, कहीं कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली, तब अधिकारियों ने राहत की सास ली।




कचहरी परिसर में बीडीएस टीम के साथ चेकिंग करते सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी एवं कचहरी परिसर में खाली पड़े अधिवक्ताओं के तख्त। अमृत विचार

### कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था पर किया विचार विमर्श

कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला जज और सीजेएम सुधांशु शेखर उपाध्याय के विश्राम कक्ष में बैठक भी हुई। जिसमें कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता करने पर विचार–विमर्श हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने बताया कि वह कमिश्नरी में बहस कर रहे थे, 1:05 पर जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने उन्हें मोबाइल से सूचित किया। वह जिला जज के चेंबर में पहुंचे जिला जज में उन्हें ईमेल से मिली धमकी के बारे में बताया। आवश्यक विचार विमर्श के बाद पूरी कचहरी में सघन जांच की गई। बताया कि 18 जिले में कचहरियों में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी। अयोध्या में 18 बम से विस्फोट करने की धमकी थी। ईमेल में बम विस्फोट का समय 1:30 बजे था। इसके पहले ही पूरी कचहरी, अधिवक्ताओं के बैठने के चेंबर उनके तख्ते और सभी अदालतों की जांच पूरी कर ली गई लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं बरामद हुई। बताया कि बेंच तथा प्रशासनिक अधिकारियों से कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अलग से वार्ता की जाएगी।



कचहरी परिसर के प्रवेश द्वार पर चेकिंग करती पुलिस।

> सूचना मिलने पर कचहरी परिसर को खाली कराकर बीडीएस व एटीएस की टीम ने सघन तलाशी ली गई। कही कुछ नहीं मिला। कचहरी परिसर के सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की जा रही है। **–श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी।**

## पहले भी तार तार हुई है कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** घटना हुई सुरक्षा का ताना बाना बुना गया। कुछ दिन सुरक्षा सख्त रही उसके बाद ढील दे दी गई। इस घटना के पहले भी कचहरी की सुरक्षा तार–तार हुई है। जहां सिलसिले बार बम धमाकों में चार लोगों की जान चली गई थी। 23 नवंबर 2006 में कचहरी में शेड नंबर 6 और 20 में सिलसिले वार बम धमाके में अधिवक्ता राधिका प्रसाद मिश्रा, स्टांप वेंडर ओम प्रकाश तथा एक वादकारी की मौत हो गई थी। दर्जनों लोग घायल हुए थे। इस घटना में नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड और पुलिस के संयुक्त अभियान में सात आरोपी प्रकाश में आए थे। जिसमे सुनवाई के बाद अपर जिला जज अशोक कुमार ने सज्जादुररहमान को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया था। मोहम्मद अख्तर उर्फ तारिक व तारिक कासमी को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। आरोपी खालिद मुजाहिद पेशी से ले जाते वक्त बाराबंकी में मौत हो गई थी। घटना का मुख्य सूत्रधार पुलिस की पकड़ में आने के पहले ही मर गय जबकि दो के खिलाफ आज भी विवेचना प्रचलित है।

**23 नवंबर 2006 को हुआ था सीरियल ब्लास्ट, चार ने गंवाई थी जान**

### गेट नंबर एक पर हुआ था गैंगवार

कचहरी परिसर में वीआईपी गेट माने जाने वाले गेट संख्या एक के सामने वर्ष 2014 में गैंगवार हुआ था। इसकी रिपोर्ट सुल्तानपुर जिले के यशभद्र सिंह उर्फ मोनू ने दर्ज कराई थी, घटना में वह भी घायल हुए थे। इसमें साधु वेशधारी साहिल की मौत हो गई थी। आरोपी जैनेंद्र शर्मा गिरफ्तार हुआ था। इस घटना के आरोपी रहे विधायक विनोद सिंह को हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी जबकि कमला देवी का मामला विचाराधीन है। जैनेंद्र शर्मा को विचारण के बाद पूर्व अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से सजा सुनाई जा चुकी है।

### गैंगस्टर जज पर हुआ था सुतली बम से हमला

गैंगस्टर जज रहे विनोद कुमार मिश्रा पर कोर्ट में ही बम से हमला हुआ था। विचाराधीन बंदी त्रिजुग नारायण तिवारी ने उनके कोर्ट में ही सुनवाई के दौरान सुतली बम से हमला किया था। हालांकि उसमें विस्फोट नहीं हुआ और जज साहब की जान बच गई। मामले में विचारण के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज रविंद्र विक्रम सिंह ने त्रिजुग नारायण तिवारी को सात साल के कारावास की सजा से दंडित किया था।

### सितंबर 2025 में मिला था तमंचा व कारतूस

कचहरी परिसर के शेड नंबर 5 में 6 सितंबर 2025 को एक लावारिस बैग से दो देसी तमंचे और चार कारतूस बरामद होने से हड़कंप मच गया था। यह घटना कड़ी सुरक्षा के बावजूद सामने आई, जिससे एक बार फिर कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे थे। आज तक बैग रखने वाले आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एसएसवी इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव आज

अयोध्या। एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिक समारोह आज शनिवार को होगा। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा। अध्यक्षता अयोध्या मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह करेंगे जबकि अशर्फी भवन अयोध्या के जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य महाराज मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद्र को आमंत्रित किया गया है।

### एडीएम सिटी ने किया सदर तहसील का निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने शुक्रवार को सदर तहसील का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर न्यायालय कक्ष, तहसीलदार न्यायालय कक्ष, नायब तहसीलदार न्यायालय कक्ष के साथ–साथ सभी पटलों का निरीक्षण किया। दस्तावेजों एवं पत्रावलियों के विषय में जानकारी की। परिसर में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत और साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि पांच साल से पुराने कोर्ट केस को प्राथमिकता पर निस्तारण कराएं। निरीक्षण में एसडीएम, तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार और संबंधित पटलों के सहायक मौजूद थे।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं

अयोध्या, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आम नागरिकों की समस्या और शिकायतें सुनी। संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। यहां मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे आए।

### जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल 17 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में जूनियर बालिका हॉकी का ट्रायल 17 फरवरी को डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जूनियर बालिका हॉकी का जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। ट्रायल से चयनित मंडलीय टीम 23 फरवरी से गोरखपुर में आयोजित होने वाली प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। ट्रायल की प्रतिभागी खिलाड़ी को अपने विद्यालय प्रधानाचार्य से प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना आवश्यक है।

### सीएम डैशबोर्ड और वन ट्रिलियन डॉलर सेल की बैठक

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सीएम डैशबोर्ड एवं वन ट्रिलियन डॉलर सेल की शुक्रवार को समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीडीओ ने निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रविष्टियां नियमित रूप से दुरुस्त रखी जाएं। लंबित प्रकरणों का निस्तारण तेजी से कराया जाए। कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दें। वन ट्रिलियन डॉलर सेल में विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने, निवेश एवं विकास के प्रस्तावों की प्रगति तेज करने का निर्देश दिया। बैठक में अन्य विभागों की समीक्षा की गई।

# जांच में मानक के विपरीत मिली मिट्टी की खुदाई व पेड़ों की कटाई

अमृत विचार IMPACT

- मानक के विपरीत खोदी गई मिट्टी पटाई के निर्देश, हरे पेड़ों के काटने के मामले में वन दरोगा ने शुरू की जांच

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सराय चैमल के राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर में आदर्श तालाब पर लगे हरे पेड़ों की कटाई व मानक के विपरीत तालाब की खुदाई के मामले में शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश की। वन विभाग ने पेड़ों की कटाई की जांच शुरू कर दी है।

आदर्श तालाब ग्राम पंचायत शांतिपुर के सीमा पर स्थित है। लक्ष्मीदासपुर के ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और राजस्व विभाग की मिली भगत से मिट्टी ढोने वाली संस्था ने मानक के विपरीत तालाब की खुदाई कर दी। प्रधान सुनील कुमार मौर्य ने आदर्श तालाब पर लगे बरसों पुराने दर्जनों हरे पेड़ों को कटवा कर रातों-रात बेंच दिया। अमृत विचार में शुक्रवार के अंक में प्रकाशित खबर 'आदर्श तालाब में मानक के विपरीत मिट्टी की खुदाई' को संज्ञान में लेते हुए राजस्व निरीक्षक देवी शरण मिश्रा, लक्ष्मीदासपुर के लेखपाल रमेश सिंह और शांतिपुर की लेखपाल पूजा वर्मा मौके पर पहुंची। पैमाइश कराया तो शांतिपुर गांव के कई किसानों की जमीन गड्ढे में तब्दील मिली। तालाब के पूर्वी छोर पर स्थित खलिहान की जमीन को भी अवैध खोदाई करके गड्ढा कर दिया गया। राजस्व निरीक्षक ने मिट्टी ढोने वाली संस्था को तत्काल प्रभाव से मिट्टी पाटकर बराबर कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों से आदर्श तालाब पर वर्षों पुराने लगे हरे पेड़ों को कटवा कर बेचने के आरोप पर वन दरोगा रवि वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इससे पूर्व ग्रामीण पुष्पा, पूनम, आनंद, चंद्रिका प्रसाद राय, शिवराम, सोनू राय, तरंग राय ने जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत करके मामले की जांच कर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

राजस्व निरीक्षक देवी शरण मिश्र ने बताया कि खतौनी धारकों व ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई।खतौनी धारकों के चक आउट नंबर और तालाब के पूर्वी ओर स्थित खलिहान की भूमि में मिट्टी खोद ली गई। जो मानक के विपरीत है उसे पाटने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन न होने पर कार्रवाई के लिए लिखा पढ़ी की जाएगी। वन दरोगा रवि वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों से की गई फलदार वृक्ष काटने की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है मिट्टी खोदने वाली कंपनी व प्रधान से पूछताछ की गई है। जांच में दोषी मिलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



पैमाइश के दौरान जांच करते राजस्व विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

**मामला लक्ष्मीदासपुर गांव के आदर्श तालाब सहित अन्य मिस्थानों पर मिट्टी की खोदाई का**



लक्ष्मीदासपुर आदर्श तालाब पर पैमाइश करते हुए राजस्व टीम।



आदर्श तालाब में मानक के विपरीत मिट्टी की खुदाई

13 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

### बुजुर्ग की हत्या का मामला : तीन महिला समेत चार गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के चौधरीपुर गांव में बुधवार को जमीन के विवाद में बुजुर्ग की पीट पीटकर हत्या करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन महिला आरोपी भी शामिल हैं। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि बुधवार सुबह चौधरीपुर गांव के निवासी जमुना प्रसाद (65) अपने घर के सामने दरवाजा लगा रहे थे। इसे दौरान पड़ोसियों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल जमुना की मौत हो गई थी। उनके पुत्र राम अवतार की तहरीर पर देवनरायन, उनके पुत्र राम विशाल व पुत्री अनीता, सुनीता व गीता निवासीगण ग्राम चौधरीपुर गोडवा थाना कुमारगंज के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बताया कि शुक्रवार को थाना प्रभारी कुमारगंज संतोष कुमार ने चार आरोपी देवनरायन, अनीता, सुनीता व गीता को गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तीन बांस की लाठी बरामद किया गया है। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# राम मंदिर में भोलेनाथ के श्रृंगार के लिए महाकाल से आएंगे श्रृंगारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** राम मंदिर में महाशिवरात्रि के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू हो गई। कुबेर टीला और परकोटे के ईशान कोण पर बने भगवान शिव के मंदिर को पहली बार भोलेनाथ की झांकी सजाई जाएगी। भोलेनाथ के श्रृंगार के लिए उज्जैन के महाकाल से श्रृंगारियों की टीम बुलाई गई है। सायंकाल आरती उतारी जाएगी और विशेष भोग भी लगेगा। जहां पहली बार यह मंदिर पूरे दिन खुला रहेगा। परिसर में कर्मचारी व तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की टोलियां दर्शन पूजन कर सकेंगी।

व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि इन तिथियां पर दोनों शिवालय कुबरेश्वर महादेव और परकोटे के शिवालय में रूद्राभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। शाम को महा आरती का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान के दौरान शाम को प्रतीकात्मक रूप में माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ के विवाह उत्सव के आयोजन भी किए जायेंगे। अनुष्ठान के बाद गोधूलि बेला में भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। बताया गया कि भगवान उज्जैन से श्रृंगारियों को आमंत्रित किया गया है। इस श्रृंगार के लिए भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार के लिए महाकाल की नगरी करीब दो घंटे का समय लगेगा।

### परकोटा के शिव मंदिर के लिए नर्मदा से आया था शिवलिंग

राम मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटे के छह मंदिरों में से भगवान शिव मंदिर का मंदिर हैं। जिसमें मध्य प्रदेश के नर्वदेश्वर क्षेत्र के नर्मदा नदी तट से शिवलिंग स्थापित है। जहां पहली बार महाशिवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से माना जाने की तैयारी है।

# नकली जेवरात गिरवी रख लिया 11.68 लाख का गोल्ड लोन

- एचडीएफसी बैंक की अमानीगंज व नाका शाखा का मामला, एक ही गांव के तीन लोगों ने लिया लोन
- बैंक के अधिकृत वैल्यूवर व बैंककर्मी की भूमिका भी संदिग्ध, पांच नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** एचडीएफसी बैंक की दो शाखाओं पर गोल्ड लोन स्कीम के तहत नकली जेवरात रखकर 11.68 लाख रुपये लोन लेने का एक मामला सामने आया है। इसमें बैंक के अधिकृत वैल्यूवर व बैंककर्मी की संलिप्तता का आरोप लगा है। बैंक अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने पांच नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में बैंक मैनेजर आयुष अग्रवाल ने बताया कि एचडीएफसी बैंक की एक शाखा अमानीगंज अयोध्या में स्थित है जो कि गोल्ड लोन के अन्तर्गत लोन भी देती है। इस योजना के तहत बैतीकला चौरे बाजार कोतवाली बीकापुर के निवासी कौशलेस सिंह, धर्म सिंह व सोनू जायसवाल ने सोना गिरवी रखकर 6.67 लाख रुपये लोन लिया। वहीं आरोपी कौशलेस व धर्म ने नाका स्थित शाखा से पांच लाख 17 सौ रुपये का लोन लिया। बताया कि इनके द्वारा आवेदन किए जाने पर अमानीगंज स्थित शाखा के बैंक के अधिकृत वैल्यूवर मनोज रस्तोगी व नाका स्थित शाखा के किशनलाल सोनी द्वारा समस्त औपचारिकता पूर्ण करने व उनके द्वारा सत्यापित रिपोर्ट देने के बाद ही इन्हें नियमानुसार लोन दिया गया था। जब आरोपियों ने गोल्ड लोन की किश्तें नहीं चुकाई तो बैंक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत गिरवी रखे जेवरातों का दोबारा मूल्यांकन किया गया तो समस्त जेवर नकली पाए गए। आरोप लगाया कि अधिकृत वैल्यूवर मनोज कुमार रस्तोगी, किशन लाल सोनी एवं अज्ञात बैंक कर्मियों द्वारा इन ग्राहकों से मिलीभगत कर नकली जेवर व कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर कुल 11 लाख 68 हजार 700 का ऋण स्वीकृत करा लिया था। जांच में यह भी पता चला कि धर्म सिंह व कौशलेस सिंह ने पूर्व में अमानीगंज एवं नाका शाखाओं से फर्जी लोन स्वीकृत कराने का प्रयास भी किया था लेकिन सफल नहीं हुए थे। आरोप लगाया कि उनके इस कृत्य से बैंक को आर्थिक नुकसान के साथ साख पर भी बट्टा लगा है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मनोज रस्तोगी, किशनलाल सोनी, धर्म सिंह, कौशलेस सिंह व सोनू जायसवाल समेत अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।




यूपी बोर्ड | उत्तर पुस्तिकाओं में रुपये रखने को लेकर बोर्ड ने दिया सख्त निर्देश

# तलाशी के साथ परीक्षार्थियों की जेब पर भी रखेंगे नजर

- मूल्यांकन में कॉपी में पैसे मिले तो नपेंगे कक्ष निरीक्षक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं 2026 की निष्पक्षता और गरिमा बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। अब कक्ष निरीक्षक को जामा तलाशी के साथ परीक्षार्थियों की जेब पर भी नजर रखनी होगी। यदि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान किसी कॉपी में रुपये पाए जाते हैं तो संबंधित परीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक को एक पत्र में अवगत कराया गया है कि कुछ परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिकाओं में मुद्रा (नकद धनराशि) नत्थी कर देते हैं, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करता है। ऐसे मामलों से छात्रों का भविष्य भी खतरे में पड़ सकता है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक छात्रों को पहले से ही सूचित करें कि उत्तर-पुस्तिका में कोई अवांछित सामग्री या मुद्रा रखना वर्जित है। कक्ष निरीक्षकों को इस पर विशेष सतर्कता बरतने के आदेश हैं।

यदि संकलन या मूल्यांकन के दौरान किसी उत्तर-पुस्तिका में मुद्रा मिलती है, तो उसे तुरंत नियमानुसार राजकोष में जमा कराया जाए और ऐसी घटना की तत्काल सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक को दी जाए। यह कदम परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी और मानक अनुरूप बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। बोर्ड ने पहले भी उत्तर-पुस्तिकाओं में सुरक्षा फीचर्स जैसे वॉटरमार्क, रंगीन कवर पेज और यूनिक स्टैंपिंग जैसी व्यवस्थाएं लागू की हैं ताकि नकल और अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें उत्तर-पुस्तिका को सील करना और अनुचित साधन के तहत दंड शामिल हो सकता है। छात्रों से अपील है कि वे परीक्षा नियमों का पालन करें और निष्पक्ष मूल्यांकन पर भरोसा रखें।



> बोर्ड की ओर से गुरुवार को यह नया आदेश जारी किया गया है। सभी प्रधानाचार्यों को अवगत कराया जा रहा है। यह एक नया और महत्वपूर्ण आदेश है। **–डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।**

# किसी भी कीमत पर गलत प्रश्नपत्र नहीं खुलने चाहिए : जिलाधिकारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को सुचिता, शांति और नकलविहीन कराने को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने अवध विश्वविधालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बैठक की। डीएम ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी को निर्बाध रूप से सतत चलते रहना चाहिए।इसके लिए पॉवर बैकअप के साथ-साथ जनरेटर भी होना चाहिए। किसी भी कीमत पर गलत प्रश्न पत्र न खुलने पाए। इसके लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक अच्छी तरह लिफाफा पर अंकित तिथि व समय का मिलान कर लें। किसी भी परीक्षार्थी का परीक्षा कक्ष के बाहर जूता या चप्पल न निकलवाया जाए। सघन तलाशी ली जाए।किसी परीक्षार्थी के संदेह होने पर जूता निकलवा कर जांच कर ली जाय, पुनः जूता पहनने के लिए कह दिया जाए। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे चश्मा व घड़ी परीक्षा कक्ष तक नहीं जानी चाहिए। गेट पर तलाशी के लिए महिला पुलिस व शिक्षक लगाए जाएं, बालिकाओं की तलाशी महिला से ही कराई जाए। परीक्षा केन्द्र के आस -पास लाउडस्पीकर न बजने पाए, ऐसी स्थिति में एचएचओ को तत्काल सूचना देकर बन्द कराया जाए। यदि कोई स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित नहीं पाए जाते है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। बैठक में प्रधानाचार्य डॉ.मणिशेकर त्रिपाठी, सिस्टर लिण्डा प्रधानाचार्या कनौसा कान्वेंट, हिन्दू इन्टर कॉलेज रुदौली के प्रधानाचार्य डॉ. राम प्रिया शरण ने अपने अनुभव एवं परीक्षा की सावधानियों एवं बारिकियों के बारे में बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने परीक्षा को सुचिता पूर्ण, नकल विहीन एवं शान्तिपूर्ण संपन्न कराए जाने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बीकापुर, अयोध्या। मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की है। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ अन्य मुकदमें भी है।

### दीवार ढहने पर केस

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के सरेठी गांव में दबंगों ने गांव के मुनेश्वर की दीवार व छप्पर गिरा दिया। पुलिस ने पीड़ित मुनेश्वर की तहरीर पर साहबदीन, दीप नारायण, जग्गावती सहित अन्य चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू की है।

### ब्राह्मण चेतना मंच ने छात्रों को किया सम्मानित

सोहावल, अमृत विचार : ब्राह्मण चेतना मंच समाज के उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाले छात्रों व व्यक्तियों का सम्मान करता रहेगा। यह बात सोहावल ब्लॉक के रग्घूपुर इस्माइल नगर सिहोरा गांव में ललित कुमार मिश्र के बेटों को सम्मानित करते हुए मंच के प्रदेश संयोजक और रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने कही। वैभव का सीआईएसफ में और अभिषेक का भारतीय रेलवे में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी और संचालन मंच के महामंत्री राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर अर्जुन पांडे, घनश्याम तिवारी, गुड्डू मिश्रा, सुनील पांडे आदि मौजूद थे।

### तीन मामलों में वापस कराये 98 हजार

अयोध्या, अमृत विचार। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज एक शिकायत कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 48,406 रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। पीड़ित क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने के बाद धोखाधड़ी का शिकार हुआ था। दूसरे मामले में पीड़ित को 25 हजार रुपये की धनराशि को वापस कराई गई। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि गलती से दूसरे के खाते में 25 हजार रुपये चले गए। वहीं थाना रौनाही पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज मामले में पीड़ित को 25,800 रुपये वापस कराया। स्विच फर्म के नाम पर पीड़ित से एक लाख 85 हजार 261 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए गए थे। साइबर क्राइम थाना प्रभारी मो. अरशद ने बताया कि साइबर क्राइम से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### संस्कृति विरासत समिति की हुई बैठक

अयोध्या, अमृत विचार : कमिश्नर राजेश कुमार और डीआईजी सोमन वर्मा ने डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ अयोध्या संस्कृति विरासत समिति की बैठक की। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने एजेंडे की जानकारी दी। विशेष रूप से राम की पैड़ी, नयाघाट पर सायंकाल साकेत संध्या और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनुराज जैन, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सुग्रीव किला से निकाली गई शोभायात्रा

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर के निकट स्थित प्राचीन सुग्रीव किला में भगवान राजराजेश्वर सीताराम के ब्रह्मोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मंदिर के महंत जगद्गुरु विश्वेशप्रपन्नाचार्य ने बताया कि मंदिर में 11 फरवरी से भगवान राजराजेश्वर का ब्रह्मोत्सव, जगद्गुरु पुरुषोत्तमाचार्य की सप्तम पुण्यतिथि व वेदांतदेशिक स्वामी के वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ है। ब्रह्मोत्सव के दौरान 19 फरवरी को संत सम्मेलन का आयोजित किया जाएगा। 17 से 19 फरवरी तक भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें भजन गायक अनूप जलोटा, शंभू लहरी व चंचल काबरा से प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

### कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

रामपुरभगन,अयोध्या। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ, भाजपा हटाओ नारे के साथ शुक्रवार को रामपुर भगन से दशरथपुर तक पद यात्रा निकाली। दशरथपुर पहुंचने के बाद आयोजित सभा में कार्यक्रम प्रभारी वीरेन्द्र पांडेय ने कहा कि मनरेगा गरीब मजदूरों का सहारा था, जो बंद होने के कगार पर है। जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है। प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह, रविकांत, दयाशंकर, आशुतोष सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# 48 घंटों से ठप है सिटी ई-बस सेवा का संचालन

## अयोध्या धाम बस स्टेशन पर है चार्जिंग की सुविधा, 13 हजार लाइन की केबल कटने से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति

अयोध्या कार्यालय।

- रामपथ पर पहले से प्रतिबंधित है ई-रिक्शा का संचालन, साधन के अभाव में भटक रहे अयोध्यावासी व श्रद्धालु

अमृत विचार : रामनगरी में 48 घंटों से सिटी ई बस सेवा का संचालन पूरी तरह ठप है। विद्युत खराबी के चलते चार्ज न होने के कारण सभी ई-बसें अयोध्या धाम बस स्टेशन परिसर में खड़ी हैं। इससे शहर में आम यात्रियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पांच फरवरी से रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई-रिक्शा वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में ई-बस स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं के लिए लाइफ लाइन बनी हुई थी।

अयोध्या धाम बस स्टेशन परिसर से सटी भूमि पर अंतरराज्यीय बस स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। जेसीबी से बुधवार रात खोदाई के दौरान अयोध्या धाम बस स्टेशन के चार्जिंग सेंटर से जुड़ी 13 हजार लाइन की हाई वोल्टेज केबल कट गई है। यह केबल चार्जिंग स्टेशन को बिजली सप्लाई करने वाली मुख्य लाइन है। बिजली विभाग और संबंधित अधिकारी दो दिन से फॉल्ट का पता लगाने और मरम्मत में जुटे हैं, लेकिन शुक्रवार देर शाम तक समस्या पूरी तरह हल नहीं हो पाई है। केबल की मरम्मत में देरी के कारण चार्जिंग पॉइंट पर बिजली नहीं पहुंच रही, जिससे बसों की बैटरी चार्ज नहीं हो पा रही है।

अयोध्या में ई-बसें पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में शुरू की गई थीं, खासकर राम मंदिर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए। इन बसों का संचालन रामपथ पर लता मंगेशकर चौक से सहादतगंज तक, सहादतगंज से मेडिकल कॉलेज आदि पर होता है। वहीं 48 घंटे से ई-बसों के चार्ज न होने के कारण वह डिपो में ही खड़ी हैं। बसों के न चलने से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर दोहरा संकट आ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना ई-वाहनों की चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर सवाल भी उठाती है। अयोध्या जैसे धार्मिक पर्यटन स्थल पर जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं, वहां बिजली और चार्जिंग व्यवस्था में कोई चूक यात्रियों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकती है। स्थानीय प्रशासन को जल्द समाधान निकालना होगा ताकि रामनगरी में परिवहन व्यवस्था पटरी पर लौट सके। ई-बस डिपो के मैनेजर अनूप अवस्थी ने बताया कि बैटरी चार्ज न होने के कारण गुरुवार व शुक्रवार को ई बसों का संचालन नहीं हो सका है। उम्मीद है कि शनिवार से बसें सड़कों पर होंगी।


अयोध्या धाम बस स्टेशन में खड़ीं सिटी ई बसें।


बस के इंतजार में खड़े यात्री। अमृत विचार

### यात्री बोले- प्रशासन को करना चाहिए वैकल्पिक इंतजाम


मुन्नीलाल मौर्या

अयोध्या धाम निवासी बुजुर्ग मुन्नीलाल मौर्या ने बताया कि उन्हें कचहरी जाना था। बस के इंतजार में घंटों खड़े रहे, बस आएगी की नहीं कोई बताने वाला नहीं है। मजबूरी में टेढ़ी बाजार तक पैदल गए वहां से दोगुना किराया देकर कचहरी गए व आए। कहा कि कोई समस्या है तो सरकार को वैकल्पिक इंतजाम करने चाहिए थे।


राम रतन पांडेय

अयोध्या निवासी राम रतन पांडेय को कुछ खरीदारी के लिए अयोध्या शहर जाना था। कहा कि वर्तमान में ई बस ही आम आदमी का सहारा है, गुरुवार को भी शहर नहीं जा सके, आज पता चला कि ई बस नहीं चल रही है। प्रशासन को ई रिक्शा संचालन के लिए अनुमति देनी चाहिए ताकि इन परिस्थितियों में लोग यात्रा कर सकें।


सुगंधा तिवारी

अवध विवि में पत्रकारिता विभाग की छात्रा सुगंधा ने कहा कि ई-बस न चलने के कारण घर से करीब दो किमी. पैदल चलकर टेढ़ी बाजार तक जाना पड़ा। इसमें पसीने छूट गए। गुस्से में बोली, क्या ई-रिक्शा से ही जाम लग रहा है, गोल्फकार्ट जाम हटा रहे हैं क्या। कहा कि प्रशासन को विद्यार्थियों के हित की भी बात सोचनी चाहिए।

### फैक्ट फाइल

- कुल बसें-25
- संचालन हो रहा-18
- कटरा (गोंडा) से सहादतगंज मार्ग पर-05
- लता चौक से सहादतगंज तक-10
- सहादतगंज से मेडिकल कॉलेज तक-03

"विद्युत खराबी के चलते ई बसों की चार्जिंग में समस्या आई है, शुक्रवार शाम को फाल्ट ढूंढकर मरम्मत शुरू हो गई है। शनिवार से दोबारा संचालन प्रारंभ हो जाएगा।
-विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम व प्रबंध निदेशक सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा अयोध्या।"

## ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट निर्धारण की कवायद शुरू

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक के मार्ग पर ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाने के बाद अब यातायात पुलिस ई-रिक्शा वाहनों के लिए रूट निर्धारण की प्रक्रिया में जुट गई है। उम्मीद है कि दो से तीन दिनों पर रूट चार्ट बना लिया जाएगा। इसके बाद इस पर आम लोगों, विशेषज्ञों व ई-रिक्शा यूनियन व चालकों से राय ली जाएगी। उम्मीद है कि चैत्र नवरात्र से पूर्व इसे लागू कर दिया जाएगा। अयोध्या धाम में रामपथ पर ई रिक्शा वाहनों के संचालन के लिए वर्ष 2024 में यातायात पुलिस द्वारा रूट निर्धारण किया गया था। इसमें अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, हाईवे, सरयू घाट, टेढ़ी बाजार, मतगजेंद्र चौराहा, गोलाघाट समेत 12 रूट निर्धारित किए गए थे। इस रूटचार्ट में खामियां ज्यादा थी, इसके चलते कुछ दिन बाद इसे स्थगित कर दिया गया। अब नए सिरे से रूट निर्धारण की प्रक्रिया पर कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए छह लोगों की एक टीम बनाई गई है जिसने अयोध्या के विभिन्न मार्गों, गलियों का सर्वे भी कर लिया है। यह प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। रूट निर्धारित होने के बाद इस पर विशेषज्ञों की राय ली जाएगी, साथ ही ई रिक्शा यूनियन व चालकों के भी सुझाव लिए जाएंगे। किस मार्ग पर कौन चालक चलना चाहता है, इसका भी ख्याल रखा जाएगा। सभी की सहमति के बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

**नई व्यवस्था चैत्र नवरात्र से पूर्व लागू करने की योजना**

### नए सिरे से होगा सत्यापन

एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि रूट निर्धारण कर इसे लागू करने से पहले अयोध्या धाम में संचालित ई-रिक्शा वाहनों का नए सिरे से सत्यापन भी कराया जाएगा। इसका उद्देश्य बाहरी वाहनों को शहर से बाहर करना भी है। इसके तहत उन्हीं वाहनों का सत्यापन किया जाएगा जो कोतवाली अयोध्या व थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत के निवासी हैं। यही नहीं यह भी विचार हो रहा है कि कोतवाली अयोध्या के दर्शननगर चौकी क्षेत्र के निवासी चालकों को शहर के अंदर नहीं बल्कि परिक्रमा पथ पर ही चलने दिया जाए। ध्यान रहे कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या धाम व अयोध्या शहर में चल रहे ई-रिक्शा वाहनों का सत्यापन किया गया था। इसके बाद इसे दो जोन में बांटा गया था।

## एडीए ने ढहवाई 600 बिस्वा की अवैध प्लाटिंग

सोहावल, अमृत विचार: अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सोहावल तहसील क्षेत्र में बिना लेआउट स्वीकृति कराए छह सौ बिस्वा में विकसित की जा रही प्लाटिंग पर शुक्रवार को एक बार फिर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी भूखंडीय विकास (प्लाटिंग) के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप लेआउट की स्वीकृति अनिवार्य है। बिना स्वीकृति अथवा मानकों को पूरा किए की गई प्लाटिंग के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई में सोनू, जावेद खान, सौद खान और फ़मी खान से कराई गई प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। चेतावनी दी गई कि भविष्य में विकास प्राधिकरण के नियमों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पांडेय गुट के पांचवीं बार जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा व शिक्षक नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह को आदर्श इंटर कॉलेज में संपन्न हुए चुनाव में माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट का लगातार पांचवीं बार जिलाध्यक्ष चुना गया। सिविल लाइन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सहित अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाएं दी। उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षक हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अभिषेक मिश्र, अवधेश पांडेय बादल, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्य, इंद्रभान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का वेतन रोका

कुमारगंज, अयोध्या।

- संपत्ति का विवरण अपलोड न करने पर फंसा जनवरी माह का वेतन, मंडलायुक्त ने लौटाई ग्रांट

अमृत विचार। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कर्मचारियों के सामने जनवरी माह के वेतन का संकट खड़ा हो गया है। वेतन भुगतान के लिए भेजी गई ग्रांट को अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त ने आपत्ति लगाते हुए वापस कर दिया है।

कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण सरकारी पोर्टल पर अपलोड न होने को आधार बनाकर ग्रांट पर रोक लगाई गई है। कर्मचारियों का कहना है कि संबंधित पोर्टल 31 जनवरी को एनआईसी द्वारा बंद कर दिया गया था। इसके बाद विवि प्रशासन ने विभागाध्यक्षों को छह फरवरी तक संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश जारी कर दिए, जिससे भ्रम और असंतोष की स्थिति पैदा हो गई। कर्मचारियों का आरोप है कि यदि समय रहते संपत्ति विवरण अपलोड कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो वेतन अटकने की नौबत नहीं आती। मामले में वित्त नियंत्रक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। विवि में नए कुलपति के पदभार ग्रहण करने की चर्चाओं के बीच वेतन संकट ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली दरवाजा में बनेगा पार्क, कच्चा नाला को पक्का बनवाने का वादा

अयोध्या कार्यालय।

- नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर व नगर आयुक्त ने किया भ्रमण

अमृत विचार : नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने विक्रमादित्य वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नजूल की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने एवं कच्चा नाला को पक्का बनवाने का वादा किया।

महापौर व नगर आयुक्त गुदड़ी बाजार तिराहा पहुंचे। यहां स्थानीय नागरिकों ने बंगालीहाता के पास नाली की सफाई एवं रोड लाइट जलवाने की मांग की। महापौर ने इस पर अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र मिश्र ने सीवर डलवाने का मुद्दा उठाया। थोड़ा आगे बढ़ने पर कॉर्नर पर स्थित जर्जर भवन में लटके तार बदलवाने की मांग सामने आई तो महापौर ने बिजली विभाग से पत्राचार करने का भरोसा दिया। महापौर ने रास्ते में लगे इंडिया मार्का-टू हैंडपंप को चलवाकर जांच की तो नल सही पाया गया। नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव चल रहा था। अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव की गली के सामने खाली पड़ी जमीन पर पौधरोपण कर पार्क बनवाने एवं हाईमास्ट लाइट एवं लोगों के बैठने के लिए बेंच लगवाने की मांग पर महापौर ने जल्द कदम उठाने का वादा किया। उन्होंने दिल्ली दरवाजा ढाल पर सड़क सही करवाने का भरोसा दिया। इस दौरान लोगों ने पेयजल संकट से महापौर को अवगत कराया। राजेश निषाद के आवास के पास नाले पर स्लैप डलवाने का भी वादा महापौर ने किया। इस दौरान कच्चा नाला को पक्का बनवाने, परिक्रमा मार्ग को जल्द पूरा कराने की आवश्यकता जताई गई।

भ्रमण के दौरान विघ्नेश्वरनाथ महादेव के पास गंदगी देखकर नाराजगी जताई और सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने क्रॉसिंग एवं नालियों पर टूटी हुई पटिया ठीक करने का भरोसा दिया। दिल्ली दरवाजा में एक जगह बिजली का खंभा टेढ़ा होने पर नगर आयुक्त ने नए खंभे पर तारों के स्थानांतरण कराने के लिए पत्राचार का निर्देश अधिकारियों को दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि महापौर ने भ्रमण के दौरान लोगों के घरों में सप्लाई हो रहे पेयजल की जांच कराई। पानी का टीडीएस सामान्य पाया गया। जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए अवशेष क्लोरीन भी पानी में पाया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद सुनील यादव, अपर आयुक्त भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव आदि थे।


विक्रमादित्य वार्ड में जन समस्याओं का निरीक्षण करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

## चौपाल में अनुपस्थित रहे विभाग के कर्मचारी

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार: ग्राम पंचायत स्तर पर जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ग्राम विकास विभाग से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। पूरा ब्लॉक के नरायनपुर पंचायत भवन पर प्रधान राजेश कोरी की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में पंचायत विभाग के अलावा अन्य विभाग के कर्मचारी नदारद दिखे। बीडीओ अनुराग सिंह ने चौपाल में न आने वाले कर्मचारियों के खिलाफ उनके विभागों को लिखापढ़ी कर दी। चौपाल में राशन कार्ड की समस्या ज्यादा आई लेकिन आपूर्ति विभाग का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने बिजली, नाली, खड़ंजा, आवास की मांग रखी। चौपाल में एडीओ आईएसबी अवनीश शुक्ला, जेईएमआई अमित कुमार, सचिव सौरभ सिंह, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन शेफाली चौरसिया, बोरिंग टेक्नीशियन अशोक यादव, पंचायत सहायक रिंकी यादव, रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## रेडियो किसान दिवस में कृषकों को किया गया जागरूक

अयोध्या कार्यालय

- आकाशवाणी, नाबार्ड और प्रगतिशील किसान के सहयोग से आयोजन
- किसानों को वितरित किए गए उन्नत बीज, समस्याओं का हुआ समाधान

अमृत विचार : एफएम बैंड 101.9 आकाशवाणी अयोध्या, नाबार्ड और राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील किसान राजबहादुर वर्मा के सहयोग से शुक्रवार को तारुन ब्लॉक के करनाईपुर गांव में रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया। कृषि उद्योग के विकास में नाबार्ड और बैंकों की सहभागिता, जैविक खेती और ड्रोन की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई।

आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख संजयधर द्विवेदी ने इसके उद्देश्य और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आकाशवाणी अयोध्या के सहायक निदेशक अभियांत्रिक अनिल कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिशासी जयंत पटेल, कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ.रामबटुक सिंह, मंडल के सहायक निदेशक डॉ.सुभाष चन्द्र वर्मा, उपकृषि निदेशक डॉ.पीके कनौजिया, गन्ना विकास निरीक्षक राम प्रताप, जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव, इफको एसएफए सतीश कुमार, डीडीएम नाबार्ड कमलेश कुमार यादव, एलडीएम अयोध्या गणेश शंकर यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ.राम गोपाल, शस्य वैज्ञानिक पंकज कुमार सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बेडकरनगर के अध्यक्ष वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रामजीत ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। किसानों को कृषि में जैविक खेती के प्रयोग और आवश्यकता पर जानकारी दी गई। ड्रोन दीदी शबीना खातून ने खेती में ड्रोन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। किसानों की समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया गया। किसानों को उन्नत बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रमुख द्विवेदी ने बताया कि रेडियो किसान दिवस के कार्यक्रम के संपादित अंश का प्रसारण 14 फरवरी को किसानवाणी कार्यक्रम में शाम 06.45 से 07.15 बजे के बीच किया जाएगा। इस दौरान आलोक गुप्ता, रामप्रकाश पाण्डेय, विशाल साहू सहित कई प्रगतिशील किसान, कृषि अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सहित ग्रामीण व अन्य मौजूद रहे।


तारून में आयोजित रेडियो किसान दिवस में मौजूद कृषक। अमृत विचार

## मई-जून में बनेगी मकानों की सूची, होगी गणना

अयोध्या, अमृत विचार: जनगणना की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी व प्रमुख जनगणना अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बैठक की। कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें स्वगणना की भी व्यवस्था होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जनगणना में स्वगणना के संबंध में जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव ने बताया कि एसईआईडी के माध्यम से यह कार्य पूर्ण होगा। जनगणना 2027 के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना मई-जून 2026 में होगी। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। जनगणना पूरी तरह डिजिटल रूप से होगी। इसमें स्वगणना की व्यवस्था होगी। जनगणना के दूसरे चरण में व्यक्ति के जाति संबंधी आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे।

बैठक में एडीएम(वि./रा.)/ जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार भट्ट, अपर नगर आयुक्त नगर निगम सुमित कुमार, बीएसए लालचन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दिग्विजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

**खेलकूद**

कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स-डे का आयोजन, युगल दंपति का हुआ सम्मान

## अनिरुद्ध व विनीता और विशाल व नीतू श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को स्पोर्ट्स-डे जोश और उमंग के साथ मनाया गया। खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित अभिभावक युगल दंपति अनिरुद्ध देव त्रिपाठी व विनीता त्रिपाठी और विशाल चंद्र श्रीवास्तव व नीतू श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरयू इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी,कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी, सरयू इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सोनल शुक्ला, कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल की हेडमिस्ट्रेस प्रीति सिंह ने मां भगवती ब्रह्मचारिणी देवी के समक्ष प्रदीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद सत्कार हेड बॉय ओजस त्रिपाठी, हेड गर्ल दिविषा सिंह को बैज लगाया और रंग -बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। मसाल प्रज्वलित की। नर्सरी के बच्चों द्वारा पोम -पोम डिल, रेस- खिलौना उठाओ, कंगारू दौड़, एल.के.जी. के बच्चों ने बाल ड्रिल, मेंढक दौड़, गुब्बारा दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। रेस और पार्षद रिंग जैसी गतिविधियों में अभिभावक भी सम्मिलित हुए। कंगारू रेस में समर्थ देशपांडे- प्रथम,सात्विक श्रीवास्तव- द्वितीय व अव्यांश श्रीवास्तव- तृतीय स्थान पर रहे। पिक द टॉयज प्रतियोगिता में वेदांत मिश्रा- प्रथम, अथर्व सिंह- द्वितीय व धृति तिवारी-तृतीय स्थान पर रही। विजेता बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन में सफलता का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं अजीता तिवारी, शिल्पी जायसवाल, साक्षी यादव, अंजली मिश्रा, निकिता सहदेव,रिंकी सिंह, सीमा आदि का सहयोग रहा।



विजयी प्रतिभागियों के साथ चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी। अमृत विचार


बच्चू लाल इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राएं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. एमपी सिंह।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम् भूमिका: सिंह

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार के प्रांगण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूराबाजार नगर इकाई के तत्वावधान में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को परिषद से सम्मान किया जाना गौरव की बात है। कहा कि सम्मान मिलने से युवाओं का मनोबल बढ़ता है। इससे दूसरे छात्रों को प्रेरणा मिलती है। समारोह में प्रो. सुरेंद्र सिंह महंत, जयराम दास वेदांती, विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, डॉ. उदय प्रताप सिंह, डॉ. डीपी सिंह, ज्ञानेंद्र प्रजापति, प्रियांशु तिवारी ने भी युवाओं का उत्साह वर्धन किया। शिक्षा, खेल सहित अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन आराधना सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राएं व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक निर्माण में महिला समाज का अतुलनीय योगदान : प्रो. मृदुला

अयोध्या कार्यालय।

● अवध विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन



इतिहास एवं पुरातन विभाग में आयोजित राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर संकायाध्यक्ष का स्वागत करतीं शिक्षिका।

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में शुक्रवार को 'राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कला और मानविकी की संकायाध्यक्ष प्रो. मृदुला मिश्रा ने कहा कि 'नारी' शब्द अपने आप में बहुत गहरा है। इसके कई मायने हैं और समाज के निर्माण में महिलाओं की अतुलनीय भूमिका है।

'राष्ट्रीय महिला दिवस' सरोजिनी नायडू जी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में मनाया जाता है। इस अवसर पर सरोजिनी नायडू के जीवन से प्रेरणा ली जाती है। छात्रा सांभवी ने सरोजिनी नायडू के राष्ट्रवाद एवं नारीवाद की विचारधारा पर प्रकाश डाला। छात्र आदर्श तिवारी ने महिलाओं के विज्ञान, तकनीक, अभियंत्रण एवं गणित के क्षेत्र में प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रतिभाग को बढ़ाने के महत्व को विभिन्न डाटा के माध्यम से समझाया। प्रज्ञा ने महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिवांगी ने सरोजिनी नायडू पर कविता सुनाई जबकि सुरभी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। रितिका ने आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका पर शोधपत्र पढ़ा। किसलय कंवर ने भारतीय संविधान सभा में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रकाश डाला। विभागाध्याक्ष डॉ. संजय चौधरी ने कहा कि समाज के समग्र विकास में आधी भूमिका महिलाओं की होती है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. सरोज सिंह, डॉ. मो. सादिक, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप यादव, डॉ. नेहा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जमीन के विवाद में पांच का शांति भंग में चालान

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में अरथर गांव के कृष्ण कुमार सिंह का कुलदीप सिंह, रणजीत सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ। पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। पीड़ित एक पक्ष कृष्ण कुमार सिंह का आरोप है कि कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कब्जेदार विपक्षी कुलदीप सिंह रणजीत, आकाश सिंह, अनुराग सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एक अन्य ने जेसीबी लेकर पहुंचकर दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट, गाली गलौज पर आमादा हो गए। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज की कब्जेदारों के साथ बहस छिड़ गई। स्थिति असहज होता देख तत्काल थाने से पुलिस बल बुलवाकर आरोपितों को हिरासत लेने पर मामला शांत हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि नामजद सहित एक अन्य के विरुद्ध शांति भंग में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

# महाशिवरात्रि आस्था व विश्वास का पर्व

अयोध्या कार्यालय



ऊं शिवालय मंदिर में भोलेनाथ की पूजा करते क्षेत्राधिकारी, साथ में महंत व अन्य।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि आस्था व विश्वास का पर्व है। ये बात क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने कही। वो शुक्रवार सुबह रामनगर कॉलोनी स्थित ऊं शिवालय मंदिर में आयोजित चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर के महंत महंत गणेश दास राय के साथ शिवालय पर केसरिया पताका फहराकर व भगवान शंकर-पार्वती की आरती व पूजाकर शुभारंभ किया।

क्षेत्राधिकारी कहा पिछले दिनों गाजियाबाद में तीन नाबालिक बहनों ने आत्महत्या कर जान दे दी। जो गंभीर चिंता का विषय है, आज का डिजिटल संसार बच्चो को हिंसक बनाता है। सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को समय दें और उन्हें मोबाइल फोन से दूर रखें। महंत गणेश राय ने बताया कि 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि के दिन शंकर की बारात शिवालय से निकलकर रामनगर कॉलोनी का भ्रमण करेगी। इस मौके पर भरत हनुमान मंदिर नंदीग्राम के महंत परमात्मा दास, सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, शिवालय पंचायत के मुखिया राजकुमार मोटवानी, पुरोहित प्रांजल, तुलसीदास संगतानी, राजेश जसवानी, रामकुमार मोटवानी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# तय समय से आगे बढ़ सकता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

अयोध्या कार्यालय।

● सीटों के आरक्षण को लेकर पेंच, चल रहा मतदाता सूची का काम

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तय समय से आगे बढ़ाया जा सकता है। सीटों के आरक्षण को लेकर पेंच है। 25 मई 2026 को त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। तय समय पर चुनाव न हुए तो पंचायतों में प्रशासकों की तैनाती की जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग से इन दिनों ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को अपडेट कराया जा रहा है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। पहले उम्मीद की जा रही थी कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अधिसूचना के साथ ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होते-होते नए जनप्रतिनिधि चुनकर आ जाएंगे। अब इसकी संभावना क्षीण हो रही है। वार्डों के गठन का काम तो पूरो गया है लेकिन सीटों का आरक्षण अब तक नहीं किया जा सका है। प्रदेश में समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग नहीं है। इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण व्यवस्था नहीं है। बगैर आयोग के गठन और आरक्षण की व्यवस्था हुए चुनाव नहीं हो पाएंगे। अब आयोग के गठन की चर्चा आई है। ऐसे में पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन के बाद भी आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा होने में दो माह या उससे ज्यादा समय लगेगा। तब तक पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति में पंचायतों की व्यवस्था के संचालन के लिए पंचायतों में प्रशासकों की तैनाती मजबूरी होगी। समय पर पंचायत चुनाव न हो पाने की स्थिति में अगले छह माह में चुनाव कराने की व्यवस्था है। स्थिति अस्पष्ट होने के कारण पंचायत और निर्वाचन विभाग के अफसर भी कुछ स्पष्ट नहीं बोल पा रहे हैं।



## श्रीराम कथा में श्रोताओं ने वन गमन केवट संवाद सुना

**अंबेडकरनगर।** रामनगर विकासखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धाम बाबा गोविंद साहब में आयोजित नव दिवसीय श्रीराम कथा का सातवां दिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा में कथा व्यास शिवानी कृष्ण शुक्ला ने "वन गमन केवट संवाद" और श्रीराम लीलाओं का मार्मिक अवलोकन कराया। कथा के पश्चात भाजपा अयोध्या प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कथा व्यास और व्यास पीठ का प्रणाम करते हुए श्रोताओं का स्वागत किया और अधिक से अधिक कथा सुनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधान पिंडोरिया चुन्नी लाल यादव, पवन गुप्ता, पूर्व प्रधान अहिरौली गोविंद साहब, रविंद्र सिंह, हरिप्रसाद गुप्ता, पप्पू सिंह, आर.एस. गौतम और भाजपा अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

**पूराबाजार, अयोध्या।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय प्रांगण में ब्लॉक स्तर पर हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि निपुण लक्ष्य की प्राति के लिए पूर्व माध्यमिक शिक्षा का सुदृढ़ीकरण और समुदाय के मध्य उसकी जागरूकता आवश्यक है ।इसी के मद्देनजर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रियाजुद्दीन ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता का भी विशेष योगदान है। अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को घरेलू शिक्षा देते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि हम स्कूलों में बच्चों के भविष्य को संवार सके। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि और खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रविंद्र कुमार वर्मा, एडीओ एसबीआई अवनीश शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, महिला ग्रुप की जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू, एआरपी राम मनोज शरण ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता राहुल श्रीवास्तव व संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया।



## आयूष मिस्टर व मधू बनी मिस फेयरवेल

**रामपुर भगन, अयोध्या।** राहुल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज रामपुरभगन में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्रों के लिए शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नौ व ग्यारह के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई देते हुए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर परीक्षा में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आयोजित गेम में विजयी छात्र आयूष मिस्टर फेयरवेल और मधू मिस फेयरवेल बनी। विद्यालय के प्रबंधक विनय सिंह ने कहा कि यह उन सुनहरे पलों की यादें हैं। जो आपने शिक्षकों और मित्रों के साथ साझा की हैं। प्रधानाचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए आप सभी को शुभकामनाएं। आयोजन में शीला सिंह, प्रज्ञा पांडे, भगवान बली यादव, सुभाष, वीर जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## बेटियों ने सीखा सिंधी पापड़, कचरी व टाई एंड डाई

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के अमर शहीद संत कंवर राम साहब सिंधी अध्ययन केंद्र में कौशल विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार को सिंधी पकवान एवं टाई एंड डाई के तहत प्रतिभागी छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। सिंधी पकवान की विषय विशेषज्ञ सपना खेतपाल ने सिंधी पापड़ बनाने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। राधा उत्तरानी ने सिंधी कचरी एवं सिंधी खीचा पापड़ बनाने की विधि की जानकारी दी। टाई एंड डाई की विषय विशेषज्ञ विनीता मोटवानी ने प्रतिभागी छात्राओं को अलग अलग तौर पर कपड़े रंगने की विधि बताई। संयोजक एवं मानद निदेशक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# उपमुख्यमंत्री आज जनपद दौरे पर, कार्यक्रमों में होंगे शामिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शरिनवार को जनपद के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह विभिन्न स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे विकास खंड भीटी के ग्राम खजुरी में आयोजित ग्राम चौपाल और स्वयं सहायता समूह के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वह 11:55 बजे वहां से प्रस्थान कर निजी कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। दोपहर 1:15 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद 1:50 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के साथ ग्राम खजुरी में आयोजित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, सुचारू आवागमन, सुरक्षा प्रबंध, वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग, पेयजल उपलब्धता एवं मोबाइल टॉयलेट की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## बोलेरो की टक्कर से बच्चे की मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सडक़ हादसे में तीन वर्षीय बच्चे अयांश की मौत हो गई। लालपुर के पास अपने घर के बाहर खेल रहे अयांश को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अयांश सडक़ किनारे खेल रहा था, तभी एक तेज गति से आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। अयांश को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अयांश अपने पिता जिलाजीत की पांच संतानों में इकलौता बेटा था। उसकी चार बहनें हैं। अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# छात्र का बिसरा सुरक्षित, स्कूल प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मालीपुर आशानंदपुर बरौली नौ वर्षीय छात्र की मौत के बाद कब्र से निकाल कर हुए पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा सुरक्षित किया है और पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर स्कूल प्रबन्धक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। छात्र को एक बार दफन करने के बाद दूसरी बार पुनः शव को दफन करते समय परिजनों के जख्म ताजा हो गए। अंधे-मां बाप समेत परिजनों में शुक्रवार को भी कोहराम मचा हुआ है। घर पर सांत्वना देने वालों का सिलसिला जारी है।

बता दें कि आशानंदपुर गांव के नेत्र हीन दम्पत्ति हीरा लाल और शशिकला का इकलौता पुत्र अंश मालीपुर के जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर में यूकेजी का छात्र था। बीते मंगलवार को जब वह स्कूल गया था तो उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि बेटे की तबियत खराब होने पर उसे खून की उल्टियां शुरू हुई। मगर विद्यालय ने न तो उसका कोई उपचार कराया और न ही घर पर सूचना दी, बल्कि घर से कुछ दूर पहले ही स्कूल बस ने उसे तड़पता छोड़ दिया। जिसकी बाद में मौत हो गई थी। परिजनों ने शव को मंजूषा नदी के तट पर दफन कर दिया था, लेकिन बाद में स्कूल की लापरवाही की जानकारी होने पर मृतक की मां ने स्कूल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है। शिकायत के बाद गुरुवार को शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन मौत का कारण स्पस्ट न होने के कारण बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

## मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल

**संवाददाता, आजमगढ़।** जनपद के महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के महाजी देवारा जदीद गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम पत्नी राम प्रकाश निषाद एवं राम प्रकाश निषाद पुत्र श्रीपत निषाद को विवाद के दौरान चोटें आईं। परिजनों का आरोप है कि अंगद व पंकज पुत्रगण श्रीपत निषाद तथा उनके परिजनों ने पहले नीलम के साथ मारपीट की। इसकी सूचना मिलने पर राम प्रकाश निषाद जब विरोध जताने पहुंचे तो विपक्षियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्रभारी अधीक्षक डॉ. योगेश कुमार गौतम ने बताया कि नीलम बेहोशी की हालत में थीं तथा राम प्रकाश के हाथ में गंभीर चोट पाई गई। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## मंदिर में चोरों ने बोला धावा, सामान किया पार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के ठीक पहले बीती रात चोरों ने मंदिर के अंदर रखे कलश, घंटी, पूजन सामग्री सहित धार्मिक पुस्तकों को पार कर दिया। शुक्रवार सुबह पुजारी ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत विहरा गौरी शंकर मंदिर का है। गौरी शंकर मंदिर की व्यवस्थापक राकेश कुमार ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि 12 फरवरी की रात गौरी शंकर मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखें कलश, मंदिर में टंगा हुआ घंटा, पूजन सामग्री सहित दान पेटी को पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर अलीगंज थाने में लिखित शिकायती पत्र देकर चोरी के समान की बरामदगी करने तथा चोरों पर कार्रवाई की मांग की गई है। थानाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है।

## त्योहारों में लोग बरतें सर्तकता : दिनेश कुमार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सम्मनपुर थाने में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से त्योहारों एवं आयोजनों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें आगे बढ़ाएं। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान संजय सिंह, रामकुमार सोनी, रामाज्ञा राजभर, राकेश जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**भीटी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** देश के प्रख्यात समाजवादी जननेता, विचारक एवं पूर्व सांसद किशन पटनायक की धर्मपत्नी वाणी का निधन हो गया। उनके निधन से समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। समतावादी चेतना अभियान के प्रदेश मीडिया प्रभारी शत्रुहन तिवारी ने वाणी के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह सच्ची गांधीवादी एवं समाजवादी नीतियों की प्रबल समर्थक थीं। कहा कि वाणी सादगी, ईमानदारी और सेवा भाव की प्रतीक थीं। वह महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से ओत-प्रोत थीं और अधिनायकवाद व साम्प्रदायिकता की घोर विरोधी थीं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

## एमएलसी ने सदन में उठाया सीएमओ के भ्रष्टाचार का मामला

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी संजय कुमार शैवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एमएलसी ने सदन में प्रश्न पूछा। एमएलसी के प्रश्न के जबाब में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बताया कि महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से मामले की आख्या मांगी गई है। बता दें कि एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने नियम 115 के तहत जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में सदन में सूचना दी। उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कथित रूप से किए गए भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर विभागीय और कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी के पत्र 7 जनवरी 2026 तथा जिलाधिकारी के पत्र 12 सितंबर 2025 की शिकायत जांच आख्या में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दोषी पाया गया है, लेकिन अब तक उनके विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। एमएलसी ने कहा कि सीएमओ पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद कानूनी कार्यवाही न होने से आमजन में रोष व्याप्त है।

# शिक्षा व संस्कार ही दिलाते हैं सफलता

न्यौरी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** फतेह मोहम्मद मेमोरियल इंटर कॉलेज जहांगीरगंज में कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों की ओर से 10 और 12वीं के छात्र/ छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन मास्टर मोहम्मद अरशद की संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त जी ने कहा कि अशिक्षा समस्त अभावों की जननी है,शिक्षा के बगैर कोई भी इंसान बेहतर मुकाम हासिल नहीं कर सकता है। शिक्षा एवं संस्कार के बदौलत ही सफलता की मंजिल मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पियेगा वह उतना ही दहाड़ेगा।विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब ने कहा कि शिक्षा हासिल करने के लिए चीन,जापान जाना पड़े तो जाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस्तेखार अहमद

वरिष्ठ प्रबंधक- स्वास्थ्य (गुणवत्ता आश्वासन) पी0एम0यू0- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और निरंतर परिश्रम ही उसकी कुंजी है। उन्होंने समय के सदुपयोग, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के महत्व पर विशेष जोर दिया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचने तथा अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनके प्रेरणादायक शब्दों से छात्र-छात्राओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार मिला। कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण समय होता है। अच्छे संस्कार, अनुशासन और बड़ों के प्रति सम्मान व्यक्ति को समाज में विशेष पहचान दिलाते हैं विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम के साथ-साथ धैर्य और निरंतर अभ्यास सफलता की मजबूत नींव रखते हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म में 20 साल का कारावास व जुर्माना

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** किशोरी को विवाह का झांसा देकर भगाने ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने एक आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास तथा सत्ताइस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। यह फैसला पोक्सो कोर्ट के जज संतोष कुमार यादव ने शुक्रवार को सुनाया।अभियोजन कहानी के अनुसार जीयनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 26 मई 2019 की शाम एक नाबालिग किशोरी गायब हो गई। किशोरी के घर वालों ने प्रदीप सिंह पटेल निवासी मकरेपुर थाना जीयनपुर पर पीड़िता के अपहरण का आरोप लगाया लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इस मामले में जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद् चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार मिश्रा ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी प्रदीप सिंह पटेल को 20 साल के सश्रम कारावास तथा 27 हज़ार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## विशेष टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर आज से

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए क्वाड्रीवेलेंट मेनिंजाइटिस और सीजनल इन्फ्लुएंजा वैक्सीन सहित अन्य आवश्यक टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए जनपद में विशेष टीकाकरण और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी छोटे लाल ने बताया कि हज यात्रियों की सुविधा के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी यात्री अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करें और यात्रा के दौरान सुरक्षित रहें। यह कार्यक्रम दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर मदरसा कमालिया जलालपुर में 14 फरवरी को लगेगा। दूसरा शिविर मदरसा मंजरे हक टांडा में 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में यात्रियों को आवश्यक टीके लगाए जाएंगे।

## सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से करें पालन

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा में राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम प्रधानों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शपथ दिलाया गया। एआरटीओ सतेंद्र यादव ने बताया कि सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत टांडा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में उपस्थित ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को सडक़ सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों को सडक़ सुरक्षा से संबंधित शपथ भी दिलाई गई।

**बैठक** | महाशिवरात्रि, रमजान और होली के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त बैठक

# आपसी भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाएं त्योहार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि, पवित्र रमजान माह और होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों तथा समिति के पदाधिकारियों ने सहभागिता किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अराजकता, अफवाह फैलाने व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील किया कि यदि कहीं कोई समस्या या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस और प्रशासन को देंए जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें।

### बेहतर व्यवस्था करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्गों की निगरानी, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी प्रमुख मंदिरों के प्रवेश एवं विकास द्वारा पर फिसलने ना हो उसके लिए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर सुरक्षा के सभी व्यवस्था करने चेंजिंग रूम बनाए जाने और सभी स्थलों पर बेहतर साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मंदिरों में तैयारियां तेज, साफ-सफाई शुरू

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी रविवार को पडऩे वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसरों में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ हो गया है। बता दें कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पारा शिव मंदिर और मालीपुर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा झारखंड धाम में महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इन दोनों स्थलों पर सुबह तीन बजे से ही श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक का क्रम शुरू हो जाता है। पर्व के अवसर पर यहां विशाल मेले का भी आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से लोग शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसरों की विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। पारा शिव मंदिर के व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, इसलिए व्यापक स्तर पर साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



मंदिर के आसपास साफ-सफाई करते लोग।

# रामपुर में अधिवक्ता की हत्या पर सुलतानपुर में प्रदर्शन

## हत्यारोपियों पर कार्रवाई व अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने को लेकर अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में शुक्रवार को सुलतानपुर में अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की।


ज्ञापन लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

ट्रस्ट के अनुसार, रामपुर बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता फारूक अहमद खान की 11 फरवरी 2026 को दोपहर जिला परिषद कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े अधिवक्ता की हत्या से अधिवक्ता समाज में आक्रोश है।ट्रस्ट के संस्थापक एम.एच. खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, मृतक परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कठोर कार्रवाई और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की गई। इसके अलावा, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और शस्त्र लाइसेंस देने की भी मांग उठाई गई।

### एसएफआई का प्रदर्शन, रोहित एक्ट लागू करने को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने के लिए 'रोहित एक्ट' लागू करने की मांग उठाई। एसएफआई ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा ।एसएफआई नेताओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा रेगुलेशन 2026 पर रोक लगा दी है। संगठन का दावा है कि इन विनियमों से जातिगत भेदभाव बढ़ने की आशंका है ।एसएफआई ने मांग की कि इन विनियमों को बदलकर 'रोहित एक्ट' लागू किया जाए, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में जातीय, लैंगिक, धार्मिक, दिव्यांगता और आर्थिक आधार पर होने वाले भेदभाव को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। संगठन ने मांग रखी कि एक स्वतंत्र बाहरी वैधानिक समिति बनाई जाए, जिसमें एससी, एसटी व ओबीसी का बहुमत प्रतिनिधित्व हो। साथ ही सामाजिक बहिष्कार, अलगाव और आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे मामलों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में शामिल कर दोषियों पर मुकदमा चलाने की मांग की। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सलिल धुरिया जिला सचिव दुर्गेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते एसएफआई के लोग।

### डिवाइडर से टकराकर नीचे गिरी बस, कुछ यात्री हुए घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, गनीमत रही किसी को चोट नहीं आई। पटना (बिहार) से लखनऊ जा रही एक प्राइवेट बस थाना क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर के पास चालक को झपकी आने के कारण डिवाइडर तोड़ते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से नीचे गिरकर पलट गई। हादसे के बाद बस चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घायलों में कारी (45), दिया देवी (36), रंजीत (29), रागिनी (25), रेणू देवी (37) और बिजली यादव शामिल हैं। अन्य सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और बस मालिक से संपर्क कर यात्रियों को दूसरी बस से शुक्रवार की सुबह गंतव्य के लिए रवाना कराया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय जूनियर हॉकी का बालिका ट्रायल 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 23 से 28 फरवरी तक गोरखपुर में आयोजित होगी। इसके लिए जिला खेल कार्यालय सुलतानपुर द्वारा 16 फरवरी को प्रात: 11 बजे पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किया जाएगा। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 17 फरवरी को क्षेत्रीय खेल कार्यालय डाबा सेमर, अयोध्या में मंडल स्तरीय ट्रायल में भाग लेंगी। खिलाड़ियों को आधार कार्ड और दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

### रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए तृतीय, पंचम सेमेस्टर तथा प्रथम सेमेस्टर बैक पेपर रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा 16 फरवरी को सुबह 10 बजे होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. हीरालाल यादव ने बताया कि छात्र प्रवेश पत्र व रिकॉर्ड फाइल साथ लाएं। अनुपस्थित रहने पर परिणाम बाधित होगा।

### दो घरों से लाखों के जेवरात पार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर जेवरात और कीमती सामान पार कर दिया। करपी गांव निवासी रामचन्द्र वर्मा के घर चोर छत के रास्ते दाखिल हुए। घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, सोने की चेन और पायल चोरी कर ले गए। इसी रात गांव के ही मो. रशीद के घर से भी चोरों ने दो सोने के झुमके, मंगलटीका, मंगलसूत्र और कीमती साड़ी चोरी कर ली। सुबह घटना की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया।

### विजय नारायण सिंह हत्याकांड में गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संन्ध्या चौधरी की अदालत में शुक्रवार को अभियोजन गवाह बृजेश नरायन सिंह से बचाव पक्ष ने जिरह की । जिरह पूर्ण न होने से कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 27 फरवरी की तारीख नियत की । अभियोजन पक्ष से वादी सतीश नारायण सिंह के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह की 7 अप्रैल 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# नाबालिग से दुराचार में दोषी को 10 साल की सजा

● दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्ष पूर्व हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्ष पूर्व नाबालिग किशोरी से दुराचार के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी अरुण निषाद को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दोषी को जेल से तलब कर सजा सुनाते हुए 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक चन्द्र प्रकाश मिश्र के मुताबिक मामले में पीड़िता की मां ने एक अक्टूबर 2017 को आरोपी के खिलाफ नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत दुराचार के आरोप में चार्जशीट दाखिल की गई थी। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी अरुण निषाद को दोषसिद्ध ठहराया था। जिसे शुक्रवार को सजा सुनाए जाने के बाद पुनः जेल भेज दिया गया।


डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस ने जांची सुरक्षा। ● अमृत विचार

### संविदा चिकित्सक हत्याकांड में 17 को होगी बहस

चर्चित संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में शुक्रवार को एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता के मौका लेने से शेष बहस की कार्रवाई नही हो सकी। अभियोजन पक्ष से वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष की शेष बहस के लिए 17 फरवरी की तारीख नियत की है। 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी। मामले में अजय नारायण सिंह, दीपक सिंह सहित अन्य आरोपियों पर हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के गंभीर आरोप तय हैं। विचारण के दौरान आरोपी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की मौत हो चुकी है।

### पूर्व विधायक के मामलों में बहस अब 7 मार्च को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में शुक्रवार को पूर्व विधायक संतोष पांडेय से जुड़े दो मामलों में बहस आगे नहीं बढ़ सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जानकारी दी कि निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश बहस नहीं हो पाई। इसके बाद अदालत ने दोनों वादों में बहस के लिए नई तिथि 7 मार्च तय की है। बताते चलें कि लंभुआ विधानसभा के तत्कालीन उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह की तहरीर पर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके समर्थकों के खिलाफ बिना अनुमति सरकारी विद्यालय में मीटिंग करने तथा बिना अनुमति रोड शो निकालने के आरोपों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।

### पूर्व नपं अध्यक्ष के केस में चार ने दी डिस्चार्ज अर्जी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** व्यापारी नेता का मकान धोखाधडी से दूसरे के नाम दर्ज करने के मामले में अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी के केस में चार सह आरोपियों लल्लू सोनी, लालजी, संगम लाल व पुजारी लाल सोनी ने शुक्रवार को कोर्ट में उन्मोचन अर्जी दाखिल की है। बचाव पक्ष के वकील विजय अग्रहरि ने बताया कि कोर्ट मजिस्ट्रेट भव्या श्रीवास्तव ने अर्जी पर सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख नियत की है। अमेठी के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने चंद्रमा देवी और मोहल्ले के ही लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के विरुद्ध कोर्ट में परिवाद दायर किया था। घनश्याम का आरोप है कि अध्यक्ष रहने के दौरान चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर उनका मकान लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल के नाम दर्ज कर दिया था। आठ फरवरी 2024 को कोर्ट ने आरोपितों को तलब किया था।

### दीवानी में डॉग स्क्वॉड के साथ सुरक्षा का लिया जायजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** दीवानी न्यायालय परिसर में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने हेतु पुलिस टीम सक्रिय दिखी। नगर कोतवाल संदीप राय तथा न्यायालय सुरक्षा में तैनात एसआई महेश चंद्र ने डॉग स्क्वॉड के साथ न्यायालय परिसर का व्यापक निरीक्षण किया ।टीम ने पूरे दीवानी परिसर सहित सभी प्रमुख न्यायालय कक्षों और आसपास के हिस्सों का गहन दौरा किया। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### साक्ष्य के अभाव में हत्या के दो आरोपी बरी

हत्या के मामले में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बल्दीराय थाने के गोपालपुर गांव निवासी ओम प्रकाश 22 मार्च 2016 को होली के त्यौहार का सामान खरीदने लंगड़ी बाजार गए थे। दूसरे दिन उनका शव नहर के पास खेत में मिला था। मृतक की पत्नी विद्यावती ने गांव की कर्मा देवी उर्फ पहाड़िन व सफलेपुर गांव निवासी रंगे उर्फ रंगलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष के 9 गवाहों से बचाव पक्ष के वकील शिव बहादुर पांडेय ने जिरह की। शुक्रवार को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया।

# मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकाली

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा निकाली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामभवन पांडेय के नेतृत्व में सदर विधानसभा (जयसिंहपुर) क्षेत्र में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, मनरेगा श्रमिक और महिलाएं शामिल रहीं।

पदयात्रा का शुभारंभ जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बगिया चौराहे से हुआ। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर, महात्मा गांधी की फोटो और कांग्रेस का झंडा लेकर नारेबाजी की। यात्रा सदरपुर, जयसिंहपुर गांव, कान्हापुर, सुकुलबिजौली होते हुए जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय पहुंची, जहां नुक्कड़ सभा के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह भी शामिल हुए। इसी तरह कादीपुर विधानसभा क्षेत्रों में भी पदयात्रा निकाली गई। कादीपुर में यह यात्रा हमजापुर पठान से शुरू होकर विभिन्न गांवों से होते हुए तहसील मुख्यालय पर समाप्त हुई।



मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● कांग्रेस ने मनरेगा को कमजोर करने का लगाया आरोप

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति 12 घंटे में गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने हत्या के एक मामले में नामजद अभियुक्त को मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की थी। गोसाईगंज थाने पर गुरुवार को पूर्णमासी यादव पुत्र रामचरित्र निवासी ग्राम सुलतानपुर खुर्द, थाना बेवाना, जनपद अंबेडकरनगर ने तहरीर दी थी। तहरीर में बताया था कि उनके जीजा लालबहादुर यादव (43) निवासी ग्राम बसौंहा, थाना गोसाईगंज ने उनकी बहन सुनीता (40) की हत्या कर दी है। तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक रामअशीष उपाध्याय द्वारा की जा रही थी। पी एम रिपोर्ट में भी हत्या की पुष्टि होने के बाद शुक्रवार की सुबह आरोपी लालबहादुर यादव को बैदहा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक रामअशीष उपाध्याय, कांस्टेबल अमित सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह और ऋषि कुमार शामिल रहे। सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया है।

### स्काउट-गाइड प्रशिक्षण में बच्चों ने सीखा नैतिकता और अनुशासन का पाठ

**करौंदीकला, सुलतानपुर,अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की जिला संस्था द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण के दूसरे दिन बच्चों को व्यावहारिक एवं नैतिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने टीम वर्क, प्राथमिक उपचार, कैंप फायर, गैजेट निर्माण, तंबू लगाना तथा मार्च पास्ट ड्रिल का अभ्यास किया। इन गतिविधियों के माध्यम से सहयोग, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सेवा भाव विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक विकास को सुदृढ़ करना है।

# व्यवसाय छोड़ 20 गायों को पाल रहे रणजीत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जयसिंहपुर विकास खंड के सुरौली गांव निवासी रणजीत सिंह बेसहारा गोवंशों की सेवा के लिए अपना व्यवसाय छोड़कर गांव में गौशाला चला रहे हैं। वे जब दिल्ली से करीब एक साल पहले गांव लौटे तो उन्होंने देखा कि बेसहारा गायें भूखी-प्यासी इधर-उधर भटक रही हैं। इससे प्रेरित होकर उन्होंने गोसेवा का संकल्प लिया।

रणजीत सिंह ने निजी खर्च से गोशाला का निर्माण कराया और बेसहारा गायों को आश्रय देना शुरू किया। वर्तमान में उनकी गोशाला में करीब 20 गायें हैं। वह स्वयं चारा-पानी की व्यवस्था करने के साथ गौशाला की सफाई और गोबर उठाने का काम भी करते हैं। रणजीत सिंह ने बताया कि वह आरएसएस से जुड़े हैं और संगठन से मिलने वाली मदद के सहारे गायों का पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोसेवा के नाम पर सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता उन्हें अब तक नहीं मिल पाई है। सीवीओ डॉ.अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि सरकारी सहायता के लिए गोपालक को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। नहीं तो गौशाला से गाय ले उन्हें प्रत्येक गाय पर प्रतिमाह 1500 रुपए मिलेगे।


रणजीत सिंह के गौशाला में बंधी गायें। ● अमृत विचार

● निजी खर्च से बनवाई गौशाला सरकारी सहायता का है इंतजार

# बाललीला का प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कुड़वार विकास खण्ड के चांदपुर, असरोगा टोल प्लाजा के निकट आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा व्याध द्वारा भागवत श्रवण के प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान उन्होंने भक्तिमार्ग को जीवन का परम लक्ष्य बताते हुए धर्म, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया। कृष्ण बाल लीला प्रसंग में भगवान की माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ खेल और गोवर्धन धारण की महिमा को विस्तार से सुनाया गया। व्यासपीठ से उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाएं भक्तों को प्रेम, सरलता और समर्पण का मार्ग दिखाती हैं।कथा स्थल पर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य यजमान वेद प्रकाश तिवारी ने पत्नी शकुंतला देवी के साथ व्यास पीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रमा शंकर मिश्र, मनोज कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी, पवन पांडेय व रोशन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजक वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक संपन्न हो रही है।


श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

● श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2272422 प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। – **प्रार्थी सोहन चौहान पुत्र श्री राजेश चौहान ग्राम- कैथावा पोस्ट- धनऊपुर ,तहसील - कादीपुर, जनपद- सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र जावेद तथा उसकी बीबी नाजनी को उनके खराब आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उन लोगो से सारे रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। **परवीन पत्नी स्व0 मोईनुद्दीन 633, वजीरबाग, झरियन तालाब, सआदत गंज लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम बालमती देवी धरमदेवराम पासी पत्नी धरमदेवराम पासी और पता 73 गणेश बाग रहिवाशी संघ रूम नं. 25, टी.जे. रोड न्यू चाइना मिल समोर शिवडी मुंबई महाराष्ट्र – 400015 अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम बालमती देवी पासी पत्नी धर्मदेव पासी और पता ग्राम बसही जरमजेपुर पोस्ट मधसिया तहसील सदर जिला आजमगढ़ –276208 है। यही नाम और पता मेरे सभी दस्तावेजों में मान्य है।

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 18–02–2026 प्रात: 10.00 बजे क्वार्टर मास्टर डिपार्टमेन्ट, कमान्ड अस्पताल (सेन्ट्रल कमान्ड) लखनऊ में अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –नकद जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी।
**आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स – मो0– 9919503110**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सगीर और उसकी पत्नी एवं उसके बच्चों का मेरे व मेरे परिवार के प्रति उसका आचरण ठीक नहीं है ।जिससे मैं काफ़ी आहत हूँ यह लोग मेरी किसीं प्रकार से सेवा नहीं करते है। जिस कारण मै अपने पुत्र सगीर और उसकी पत्नी वा बच्चों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सभी कृत्यों की जिम्मेदार वह स्वयं ही होंगे। **अब्दुल शरीफ पुत्र स्व अब्दुल बारी खान निवासी मोहल्ला केवलहार परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने दोनों मृतक पुत्रों के वारिसान जिनके नाम सरोज पत्नी रविंद्र प्रताप,संदीप कुमार पुत्र रवींन्द्र प्रताप, कुलदीप कुमार व शिवा पुत्रगण रवींन्द्र प्रताप तथा मीना पत्नी शिव प्रसाद उर्फ लाखन,ज्योति पुत्री शिव प्रसाद, पूजा पुत्री शिव प्रताप उर्फ लखन, रवी कुमार पुत्र शिव प्रताप उर्फ लाखन को चल अचल संपत्ति से उनके क्रियाकलापों के चलते बेदखल कर दिया है। संपत्ति के वारिस प्रमोद कुमार व विनोद कुमार उपरोक्त ही हकदार होंगे। **दूबरि उर्फ़ देवी चरन पुत्र जुराखन निवासी मोहल्ला कटरा गंगारामपुर कस्बा व पोस्ट मल्लावां ,तह0 बिलग्राम ,हरदोई।**

**सूचना**

**उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (T.E.T.) 2011 प्राथमिक स्तर का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका रोल नं. 16034985 है। संजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, पोस्ट – भैंसऊ, जिला – कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दूसरे नंबर के बेटे रिंकू का चाल-चलन ठीक नहीं है। अपनी मां निर्मला पिता मेड़ई लाल पुत्र भगवान से आए दिन मारपीट व विवाद करता है। उसके द्वारा किया गया कृत्य समाज में गलत संदेश देता है। ऐसे में पुत्र को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। **मेड़ई लाल पुत्र भगवान निवासी ग्राम सुकईपुरवा रामगांव, जिला बहराइच, उ0प्र0।**


एसआईआर — नाम और उम्र सत्यापन अनिवार्य, बीएलओ घर-घर जाकर जुटाएंगे जानकारी

# इसौली में एसआईआर अभियान तेज, 76 हजार वोटरों को नोटिस

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत इसौली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य तेज कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से बड़े पैमाने पर अनमैप्ड और गलत तरीके से मैप्ड मतदाताओं को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।एसआईआर प्रक्रिया के तहत ऐसे मतदाता भी नोटिस के दायरे में आए हैं, जो वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपने माता-पिता से मैप्ड हैं, लेकिन माता या पिता से उम्र का अंतर 15 वर्ष से कम पाया गया है। वहीं कुछ मतदाता ऐसे भी शामिल हैं, जो दादा-दादी से मैप्ड हैं, लेकिन उम्र का अंतर 40 वर्ष से कम दर्ज है।

इसके अलावा एक मतदाता के नाम से 2003 की सूची में छह या उससे अधिक लोगों के मैप्ड होने को भी खामी की श्रेणी में रखते हुए नोटिस जारी की गई है।नायब तहसीलदार बल्दीराय गुलाब सिंह ने बताया कि जिन मतदाताओं को नोटिस मिली है, उनका नाम और उम्र का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर की जा रही है। बीएलओ एप पर विवरण अपलोड करेंगे, जिसके बाद एईआरओ द्वारा ऑनलाइन जांच कर अंतिम सत्यापन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 2003 की सूची में दर्ज मतदाता आधार कार्ड और जन्मतिथि प्रमाण के लिए शैक्षिक अंकपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। दस्तावेजों के आधार पर आवश्यक संशोधन की कार्रवाई की जाएगी।

### बजट को इसौली विधायक ने बताया जनविरोधी

● सड़कों, स्वास्थ्य, रोजगार और शिक्षामित्रों के मानदेय पर उठाए सवाल

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर इसौली क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसौली विधायक ताहिर खान ने बजट को जनविरोधी बताते हुए कहा कि इसमें आम जनता की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी की गई है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कें, जो कई जिलों को जोड़ती हैं, लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। उन्होंने इस मुद्दे को सदन में कई बार उठाया, लेकिन आज तक इनके लिए बजट जारी नहीं हुआ। कुछ सड़कों के लिए स्वीकृत बजट भी वापस चला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में कई सड़कें, बिजलीघर और विकास कार्य अधर में लटके हैं।स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बजट न मिलने से अस्पतालों में संसाधनों की कमी बनी हुई है और लोगों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। युवाओं के रोजगार पर विधायक ने कहा कि बजट में कोई ठोस योजना नहीं है, जिससे बेरोजगारी और बढ़ने की आशंका है।

वहीं शिक्षामित्र धर्मेंद्र शुक्ला ने बजट को शिक्षामित्रों के लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षामित्र परिवार मानदेय बढ़ने की उम्मीद लगाए थे, लेकिन बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। दूसरी ओर शिक्षक आशीष शुक्ला ने बजट को शिक्षकों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कैशलेस इलाज और सभी जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाने की घोषणा को सराहनीय कदम बताया। कुल मिलाकर बजट को लेकर क्षेत्र में असंतोष और समर्थनकृदोनों तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

# महाशिवरात्रि का पर्व कल, तैयारियों में जुटा प्रशासन

## खरगूपुर के पृथ्वीनाथ व शहर के दुखहरननाथ मंदिर में उमड़ेगी लाखों भक्तों की भीड़, एएसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर जिले के प्रमुख शिवालयों खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर और शहर के दुखहरननाथ मंदिर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। अनुमान है कि दोनों मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन ने पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने शुक्रवार को पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने खरगूपुर



पृथ्वी नाथ मंदिर का निरीक्षण करते एएसपी पूर्वी मनोज रावत। • अमृत विचार

थाना प्रभारी एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं, ऐसे में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की तैयारी, पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बल लगाने और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन, स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग से समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतें और श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार सुनिश्चित करें। प्रशासन का दावा है कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

## उपेक्षा का शिकार है रामपुर टेगरहा का पौराणिक शिव मंदिर

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर टेगरहा मे पौराणिक शिव मंदिर है जो बड़ा शिवाला के नाम से जाना जाता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर भारी संख्या में श्रध्दालू आते है भारी भीड़ होती है, लेकिन मंदिर उपेक्षा का शिकार है। प्रशासन की ओर से कोई भी सुविधा नही मिल रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये मंदिर बहुत ही पुराना है। इसकी राजा विक्रमादित्य के समय स्थापना की गई थी। यहां के राजा शम्भूदत्त ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था राजघराना होने से अनवरत पूजा- पाठ चलता आ रहा है। ये मंदिर टेढ़ी नदी के तट पर स्थित है। मन्दिर के बगल ही राजा शम्भूदत्त की हवेली है, जो खंडहर में तब्दील हो गई है। इस मंदिर मे भगवान भोलेनाथ की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित थी जो चोरों के निशाने पर आ गई थी और गायब हो गई है, जिसका पता नहीं चल सका। श्रद्धालु नदी से जल लेकर भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। लेकिन इस समय नदी में गन्दगी व कूड़े की भरमार है। जल प्रदूषित हो गया है। हर वर्ष महाशिवरात्रि, कजलीतीज व रामनवमी पर मेला लगता है। प्रशासन की ओर से कोई भी सुविधा नहीं है। स्थानीय लोग घाट की साफ-सफाई करते हैं। स्थानीय गांव के राजनरायन तिवारी, अवधप्रताप तिवारी आदि ने बताया कि इस मंदिर की बहुत बड़ी महिमा है। अयोध्या धाम के नजदीक होने से इसका नाम शिवरामपुर रखा गया था लेकिन मुगलकालीन राज्य में इसका नाम बदलकर रामपुर टेगरहा कर दिया गया। राजघराना परिसर में ही भैया चन्द्रभानदत्त स्मारक इण्टर कालेज भी है। हवेली के अन्दर रामजानकी का मन्दिर है। लेकिन प्रशासन की नजर इस मन्दिर पर नहीं पड़ रही है जिससे ये उपेक्षा का शिकार बना हुआ, जबकि धानेपुर राजघराने से जुड़ा हुआ है।



रामपुर टेगरहा में बना शिव मंदिर। • अमृत विचार

## शिव के दिव्य कार्यों से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते संस्था के पदाधिकारी।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 90वीं शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य आकर्षण बहन कुमारी सुनीता का संबोधन रहा। उन्होंने कहा कि शिव का अर्थ है कल्याणकारी। शिव के दिव्य कार्यों से ही विश्व में सकारात्मक एवं कल्याणकारी परिवर्तन संभव होता है। इस अवसर पर सियारामाजू कामधेनु गौशाला के गौ-भक्तों के साथ वृंदावन से पधारे संतों द्वारा गौ सम्मान आह्वान अभियान का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि 27 को देश की 5000 तहसीलों से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य देश में गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध तथा गौ माता को सम्मान दिलाना है। कार्यक्रम में गंगा दीदी, सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष महेश कुमार उर्फ पिंटू मिश्र, राज सोनी, महेंद्र त्रिपाठी, कन्हैयालाल वर्मा, कनक बिहारीदास, विशाल कौशल, विजय साहू, भोला सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी आश्रम पर मना ध्वजारोहण दिवस



शोभायात्रा निकालतीं ब्रह्म कुमारी बहनें। • अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** गायत्री नगर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में ध्वजारोहण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव ध्वजारोहण कर आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनजागरण के उद्देश्य से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भाई-बहनों द्वारा त्रिमूर्ति भगवान शंकर, माता पार्वती और श्री गणेश की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। यात्रा गायत्री नगर से प्रारंभ होकर पटेल नगर, आजाद नगर, भगत सिंह नगर, गांधी नगर, शास्त्री नगर, स्टेशन चौराहा होते हुए जवाहर नगर चौक बाजार से वापस आश्रम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर आश्रम की उपमा, कुसुम, रूबी सहित चेयरमैन दुर्गेश सोनी, वैभव सिंह, नीलम प्रकाश पाठक, राम हौसिला शर्मा, गोपी हांडा, दिवाकर सिंह, परमात्मा प्रसाद, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## एंटी रोमियो स्क्वायड ने चलाया जागरूकता अभियान



ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करती पुलिस टीम। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** महिला एवं बालिका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकारियों व एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद किया। अभियान के दौरान महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी गई। टीमों ने फीडबैक फॉर्म भरवाकर संवेदनशील व हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया। सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) व 102 (स्वास्थ्य सेवा) की जानकारी दी गई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गलत फार्म भरने पर होगी कार्रवाई

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने शुक्रवार को एसआईआर कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी जारी की। उन्होंने निर्देश दिया कि एसआईआर के तहत भरे जाने वाले फार्म-7 को सावधानी से भरा जाए, क्योंकि प्रत्येक फार्म का सत्यापन किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा फार्म-7 भरने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों की सूची मांगी गई है, जिसे तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो फार्म-7 सही पाए जाएं, उन्हें ही जांच के बाद स्वीकार किया जाए। एसडीएम ने फार्म-6 के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका नाम शामिल कराने पर विशेष जोर दिया जाए। फार्म-6 और फार्म-7 से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

### 209 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) बोर्ड परीक्षा वर्ष में जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर शुक्रवार को 785 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 576 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि 209 अनुपस्थित पाये गए। प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सिर्फ एक पाली में परीक्षा थी जिसमें 209 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

### 44 केसीसी खातों का हुआ नवीनीकरण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उप्र ग्रामीण बैंक की शाखा दुबहा बाजार ने गत एक फरवरी से अब तक 44 किसानों के खातों का नवीनीकरण कर 75 लाख 50 हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि योजना के तहत अन्य 10 पत्रावलियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जाँच के बाद उन सभी किसानों के भी खातों का नवीनीकरण कर ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

# मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोंडा ओवर ऑल चैंपियन

- 245 अंकों के साथ बहराइच जिले को मिला दूसरा स्थान

**गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित परिषद स्कूलों की मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के 520 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में 314 अंकों के साथ गोंडा की टीम ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं 245 अंक प्राप्त कर बहराइच की टीम दूसरे स्थान पर रही। अन्य जनपदों के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन किया। समापन पर देवीपाटन मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक राम सागर पति त्रिपाठी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद समेत अन्य कई स्पर्धाएं आयोजित की गईं। सर्वाधिक अंक अर्जित कर जिले को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। इस मौके पर बीएसए अमित सिंह, बीईओ रामखेलावन सिंह, कुलदीप पाठक, पुष्पेंद्र वर्मा, राहुल वर्मा, विश्वजीत यादव, संदीप शुक्ला, संजीव मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, शुभम पटेल, पवन यादव, अतुल यादव, अफजाल अहमद समेत सहित अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विक्ट्री का निशान दिखाकर खुशी जताते विजेता खिलाड़ी। • अमृत विचार

# नवजात की मौत पर आरडी मेमोरियल क्लीनिक सीज

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अचानक आरडी मेमोरियल क्लीनिक पर छापा मार दिया। पीएचसी से प्रसव के लिए निजी अस्पताल भेजी गई महिला के नवजात की मौत के मामले में एसीएमओ ने क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया है।

कटरा बाजार-गोंडा मार्ग स्थित इस निजी अस्पताल में प्रसव के करीब चार घंटे बाद नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की हालत खून की कमी के कारण पहले से नाजुक थी, इसके बावजूद इलाज में लापरवाही बरती गई। मामले की शिकायत सीएमओ से होने के बाद सीएचसी की टीम ने जांच शुरू की। महिला के पति घनश्याम मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि एम्बुलेंस मरीज को अस्पताल छोड़कर चली गई, लेकिन वहां स्वास्थ्यकर्मियों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। मजबूरन परिजन महिला को निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शुक्रवार को एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा ने क्लीनिक का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। अभिलेखों में खामियां मिलीं। इसके बाद अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई की गई। टीम ने पीएचसी दुबहा बाजार में रजिस्टर की जांच की। एएनएम और संबंधित मरीज से पूछताछ की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल की जांच पड़ताल करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। • अमृत विचार

## आवेदकों ने अभिलेखों का सत्यापन कराया

**गोंडा, अमृत विचार:** आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहायिका पदों की भर्ती के लिए शुक्रवार को तीसरे दिन भी अभिलेखों के सत्यापन का कार्य जारी रहा। मुजेहना, बभनजोत व तरबगंज के 400 से अधिक आवेदकों ने बाल विकास परियोजना कार्यालय पहुंचकर शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन कराया। जिले 725 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहायिका का चयन किया जाना है। इसके लिए करीब 5 हजार महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। मेरिट के आधार पर इनका चयन होना है।

## अभिनव विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



पुरस्कार के साथ छात्र-छात्राएं व मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** अभिनव विद्यालय कंसापुर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों व प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रधानाचार्या यशिका रानी शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के मेधावियों सिद्धि, सृष्टि, मुस्कान, आराधना, मनसा, आंचल, लक्ष्मी, दुर्गेश, अशफाक, पल्लवी, चंदन आदि को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रसोइयों को भी सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षिका वंदनी श्रीवास्तव एवं आनंद ने किया। इस मौके पर विक्रमजीत सिंह, कालीचरण, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 1656 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**बार एसोसिएशन चुनाव**

**गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को बार एसोसिएशन के चुनाव मे अधिवक्ताओं ने मतदान किया। डीबीए में कुल 1861 वोटर हैं। 1656 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान के दौरान पुलिस तैनात रही। मतगणना सायं पांच बजे से शुरू हुई रिजल्ट देर रात तक आने की उम्मीद है। डीबीए में अध्यक्ष पद आठ प्रत्याशी हैं, जिसमे रविचंद्र त्रिपाठी, अनिल सिंह, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, इंद्रदेव शुक्ला, अवधेश कुमार शुक्ला, आलोक कुमार पांडेय, विनय कुमार मिश्रा, अजीत कुमार श्रीवास्तव है, और महामंत्री पद पर सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसमे देव प्रकाश ओझा उर्फ डीपी ओझा, सुनील कुमार पांडे, लाल बिहारी शुक्ला, अजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार श्रीवास्तव नीरज, मनोज कुमार सिंह सोमवंशी, दीप नारायण श्रीवास्तव है। कोषाध्यक्ष पद पर श्रीभगवान पांडे, उमापति शुक्ला, रामफेर प्रजापति, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार सिंह, नूर मोहम्मद राकेश कुमार शर्मा संयुक्त मंत्री के तीन पद पर पांच प्रत्याशी अतुल कुमार दूबे, आदित्य कुमार तिवारी, बृजेश कुमार पांडेय, राहुल तिवारी, राम केवल वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर किशन लाल गौड़, राजेंद्र प्रसाद, रजनी त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्रा हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शुभम चौबे, उमेश प्रताप मिश्रा, रवि तिवारी चुनाव मैदान में है। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पद पर अभयंकार सिंह, प्रभात पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, रवि प्रताप शुक्ला, राम सनेही सोनकर, सचिन कुमार श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित हुए और कनिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पद पर अरुण कुमार शुक्ला, उदभव श्रीवास्तव, गिरधारी प्रजापति, जीतेश कुमार भट्ट, प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय, ऋषि पाण्डेय निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।



मतदान के लिए कतार में लगे अधिवक्ता। • अमृत विचार

## ग्राम चौपाल में डीपीआरओ ने सुनीं समस्याएं



चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनते जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे।

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गौरिया के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। डीपीआरओ लालजी दूबे ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जोगिन टोला में नशामुक्ति अभियान चलाने एवं जोगिन टोला को नशामुक्त कराने के लिए प्रधान शमा सिंह की सराहना की। इस मौके पर एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव, सचिव पूजा भारती, पवन कुमार सिंह, रेशमा राजपूत, रामकुमार, शिवकुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

**नेक पहल** | मंडल कारागार में शुरू हुआ शिक्षा प्लस अभियान, 90 दिन में साक्षर होंगे बंदी, बंदियों ने थामा किताबों का हाथ

# सलाखों के बीच संवरेंगे बंदियों के सपने, पढ़ाई से बदलेगी तकदीर

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार :** मंडल कारागार में निरुद्ध बंदियों को भी अब पढ़ने-लिखने का मौका मिलेगा। सरकार ने शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने की पहल की है। जेल प्रशासन की तरफ से मंडल कारागार में निरुद्ध ऐसे बंदी चिन्हित किए गए हैं जो निरक्षर हैं। बंदियों की पढ़ाई का पहला बैच प्रारंभ हो गया है। इसमें 29 बंदी शामिल हैं। इन्हें अक्षर ज्ञान कराने के लिए 90 दिन की अवधि निर्धारित की गयी है। इस पहल से सजा काट रहे इन बंदियों के जीवन में शिक्षा की नई किरण उतर रही है।

मंडलीय कारागार में वर्तमान समय में कुल 688 बंदी निरुद्ध हैं। इनमें से 250 से अधिक बंदी ऐसे हैं जो पढ़े लिखे नहीं है। सरकार की पहल पर शुरू हुए शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत इन निरक्षर बंदियों को पढ़ने-लिखने का अवसर दिया जा रहा है। निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने के लिए सरकार सामाजिक संस्था शिव नाडर फाउंडेशन के साथ मिलकर शिक्षा प्लस कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर बंदियों को आईसीटी आधारित तरीकों से शिक्षा, जीवन कौशल और बुनियादी गणित सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मंडल कारागार में बंदियों की पढ़ाई शुरू हो गयी है। संस्था की ओर से कंप्यूटर, मॉनीटर और प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई है तथा आईसीटी आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई है। जेल में ही चार शिक्षित बंदियों को वालेंटियर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। ये जेल प्रशासन की देखरेख में अन्य बंदियों को पढ़ा रहे हैं। उनके सहयोग के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक आशुतोष चतुर्वेदी को भी नियुक्त किया गया है।



पढ़ाई की किट के साथ मंडल कारागार में निरुद्ध बंदी। • अमृत विचार

### चयनित बंदियों को वितरित की गई किट

**गोंडा, अमृत विचार :** चयनित निरक्षर बंदियों को शिव नाडर फाउंडेशन की तरफ से किट प्रदान की गयी है। इस किट में एक बैग, स्टेशनरी, वर्क बुक व नई किरण पुस्तक शामिल है। यह किट न केवल पढ़ाई का साधन है, बल्कि उनके जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक भी बन गई है। फाउंडेशन के जिला समन्वयक दिवेश प्रताप सिंह ने बताया कि 90 दिन की तय अवधि में इन बंदियों को पढ़ना-लिखना, बुनियादी गणित और जीवन कौशल सिखाया जाएगा।

### जेल प्रशासन ने पहल को सराहा

**गोंडा, अमृत विचार :** निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने की इस पहल की जेल प्रशासन ने सराहना की। जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पाण्डेय ने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो व्यक्ति की सोच व जीवन को बदल सकती है। जेलर आफताब अंसारी ने बंदियों को कार्यक्रम में शत-प्रतिशत सहभागिता के लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन के जिला समन्वयक दिवेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षा प्लस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता विकसित करना है। शिक्षा बंदियों को अपराध के दलदल से बाहर निकालकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

> शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं देती, बल्कि व्यक्ति को सही-गलत की समझ, आत्मसम्मान और जीवन में आगे बढ़ने का साहस भी देती है। मंडल कारागार में शुरू हुआ शिक्षा प्लस कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि यदि अवसर मिले तो हर जीवन में बदलाव संभव है।
>
> **-मृत्युंजय कुमार पांडेय,** जेल अधीक्षक, मंडलीय कारागार

## प्रह्लाद की भक्ति की कथा से पंडाल गुंजायमान




कथा के दौरान आरती करते यजमान।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** लव्वाबीरपुर स्थित डिहवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य विवेक मिश्रा ने ध्रुव और प्रह्लाद के चरित्रों का वर्णन किया। कहा कि बालक ध्रुव ने तिरस्कार को अपनी तपस्या की शक्ति बना लिया। आचार्य ने कहा कि अत्याचारी पिता के सामने भी प्रह्लाद की आस्था डगमगाई नहीं। समापन पर मुख्य यजमान भगवान प्रसाद तिवारी ने पत्नी शशी तिवारी के साथ व्यास पीठ की आरती उतारी। आयोजन में डॉ. विनोद त्रिपाठी, गिरजेश त्रिपाठी, संदीप तिवारी, किशोर कुमार, अमरदीप आदि मौजूद थे।

# जकार्ता में गूंजा हिंदी का स्वर, डॉ. हिमांशु बने सांस्कृतिक सेतु

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जकार्ता में आयोजित हिंदी उत्सव में भारतीय संस्कृति और भाषा की मधुर गूंज सुनाई दी। भारत से हजारों किलोमीटर दूर आयोजित इस कार्यक्रम में बलरामपुर नगर निवासी आर्ट विलेज संस्था के संस्थापक डॉ. हिमांशु शुक्ला की उपस्थिति ने जनपद का मान बढ़ाया।

एसआईएस नॉर्थ ईस्ट जकार्ता में सिंगापुर पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस भव्य आयोजन की परिकल्पना इवेंट आर्गनाइजर अंजू शर्मा ने की थी। कार्यक्रम में छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कविता पाठ, कहानी वाचन, भाषण एवं सुलेख प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिंदी के प्रति अपना प्रेम व्यक्त किया। बच्चों की स्पष्ट अभिव्यक्ति और मंचीय आत्मविश्वास ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

समारोह का मुख्य आकर्षण कलर्स ऑफ इंडिया प्रस्तुति रही, जिसमें भारत के नौ राज्यों की सांस्कृतिक झलक, पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्यों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में जवारह लाल नेहरू इंडियन कल्चर सेंटर के निदेशक कमल खुराना ने भारत-इंडोनेशिया के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्या अंजली विरमानी सहित प्रबंध टीम के आदित्य भारत शाह, कविता वाजपेई व एंड्रयू पैटरसन ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बलरामपुर लौटकर डॉ. हिमांशु शुक्ला ने बताया कि इंडोनेशिया में भारतीय समुदाय अपनी भाषा और परंपराओं को सहेजने के लिए सतत प्रयासरत है। यह आयोजन हिंदी की वैश्विक पहचान को और सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।



इंडोनेशिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती भारत की कलाकार। ● अमृत विचार

# कार्यों में समयबद्धता का रखें ध्यान

## डीएम ने किया बीईओ कार्यालय बलरामपुर देहात का निरीक्षण, दिया निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय, बलरामपुर देहात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों पर संचालित कार्यों, अभिलेखों की अद्यतन स्थिति तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने ब्लॉक के शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जीपीएफ पत्रावलियों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को सभी प्रविष्टियां समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं बीईओ मौजूद रहे।



क्लास में बैठकर बच्चों से संवाद करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय सेखुईकला में डीएम ने बच्चों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने प्राथमिक विद्यालय सेखुईकला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन तथा निपुण लक्ष्य के अंतर्गत हो रही प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निपुण असेसमेंट की समीक्षा करते हुए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने, विद्यालय में अनुशासन व स्वच्छता बनाए रखने तथा सभी शैक्षणिक अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने बीआरसी परिसर में संचालित आधार केंद्र का भी निरीक्षण किया।

# कड़ी निगरानी में होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**बलरामपुर अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रशासन ने केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। तय किया गया है कि परीक्षा शुरू होने के बाद अधिकतम 30 मिनट की देरी से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को केंद्राध्यक्ष प्रवेश दे सकेंगे। इससे अधिक विलंब की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक होगी। परीक्षा में करीब 36000 छात्र प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र की अवधि 3 घंटे 15 मिनट निर्धारित की गई है। पांच सचल दल गठित किए गए हैं।

**उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचीं केंद्रों पर :** सभी परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रश्नपत्रों का वितरण 14 और 16 फरवरी को किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि समय से सामग्री उपलब्ध कराकर परीक्षा को पारदर्शी व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारी है। इस बार उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित क्रमांक को उपस्थिति पत्रक में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। कक्ष निरीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका के सभी पृष्ठों पर अनुक्रमांक अवश्य लिखे।

निजी विद्यालयों में भी निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यथासंभव 50 प्रतिशत स्टाफ राजकीय अथवा सहायता प्राप्त विद्यालयों से लगाया जाएगा। रिजर्व प्रश्नपत्र रखने वाली अलमारी केवल जिला विद्यालय निरीक्षक और संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में ही खोली जाएगी।

### दिव्यांग छात्रों को मिलेगा अतिरिक्त समय

दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को प्रति घंटे 20 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कक्ष निरीक्षकों की तैनाती अनिवार्य रहेगी। सभी निरीक्षकों के पास फोटोयुक्त परिचय पत्र और आधार कार्ड होना आवश्यक है।

# फर्जी बैनामे से 30 लाख की ठगी, पांच पर एफआईआर

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार:** फर्जी बैनामा कर 30 लाख की ठगी करने का आरोप में पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है।

महेशपुर की फुल्लन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गोरखपुर के लच्छीपुर निवासी अमित गुप्ता, बस्ती के हरिगांव निवासी धनीराम, रमेश यादव और रमेश यादव का भांजा उसके पास आए थे। उन्होंने बताया कि अमित गुप्ता की पत्नी ज्योति वैश्य के नाम जफरापुर में जमीन है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। सौदा तय होने के बाद उसने ज्योति के खाते में चेक और आरटीजीएस के माध्यम से 25 लाख तथा 5 लाख नकद दिए। सभी आरोपी ज्योति वैश्य के साथ आए और उसके नाम से जमीन का बैनामा करा दिया। बाद में पता चला कि उक्त जमीन जगदीश पुत्र सीताराम के नाम दर्ज है। आरोप है कि अमित ने किसी दूसरे को जगदीश बनाकर फर्जी तरीके से बैनामा कराया था। जब पीड़ित ने जगदीश से संपर्क किया तो उन्होंने साफ कहा कि उन्होंने अपनी जमीन किसी भी ज्योति वैश्य को नहीं बेची है। पीड़ित ने बताया कि कूटरचित दस्तावेजों के कारण जमीन का दाखिल-खारिज भी नहीं हो सका।

# कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ पदयात्रा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर शुक्रवार को मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने किया, जबकि शुरुआत प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह के आवास से हुई। कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर तिराहा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा प्रारंभ की, जो वीर विनय चौराहे से होते हुए चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर समाप्त हुई।

सभा में वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा कानून को कमजोर करने, बजट में कटौती और मजदूरों के भुगतान में देरी का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों का सुरक्षा कवच है और इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव श्रमिकों के अधिकारों पर प्रहार है। कांग्रेस नेताओं ने बकाया भुगतान जारी करने और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




मनरेगा बचाओ पदयात्रा में शामिल कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# 100 किलो लावारिस खोया जब्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** त्योहारों से पूर्व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सुबह 6 बजे वीर विनय चौक, में छापेमारी की गई। इस दौरान करीब 100 किलो खोया लावारिस मिला।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी अपना दावा नहीं किया। टीम ने खोये को जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार यदि 24 घंटे में कोई दावा प्रस्तुत नहीं करताा तो इसे नष्ट कर दिया जाएगा। बलदेव नगर बाजार का भी निरीक्षण किया गया। यहां एक दुकान से मोहिनी नमकीन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। छापेमार कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु एवं शंकर दयाल तिवारी मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली एवं रमजान जैसे आगामी त्योहारों को देखते हुए आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान जनपद में लगातार जारी रहेगा।



टीम द्वारा बरामद लावारिस खोया।

## वन स्टॉप सेंटर का एसपी ने किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** वन स्टॉप सेंटर का शुक्रवार को एसपी विनीत जायसवाल ने निरीक्षण किया। उनके साथ वामा सारथी संघ की अध्यक्ष तन्वी जायसवाल भी मौजूद रहीं। एसपी ने केंद्र में रह रही महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, अब तक मिली सहायता और अपेक्षाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पीड़िता के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, आवासीय कक्ष, रसोईघर, सुरक्षा प्रबंध, परामर्श कक्ष, मेडिकल कक्ष और विधिक सहायता से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# स्कूलों में सेंध लगाने वाला गिरोह बेनकाब, 6 गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने सरकारी विद्यालयों और पंचायत भवनों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्विड कार व एक बिना नंबर प्लेट बाइक सहित एलसीडी, एलईडी टीवी, कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यूपीएस, इन्वर्टर, सोलर पैनल, बैटरियां, सीसीटीवी कैमरे व अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण उर्फ कृष्ण मोहन पाण्डेय, नीरज शुक्ला, वीरू उर्फ दीप नारायण पाण्डेय, सचिन पाण्डेय व बब्लू पाण्डेय निवासी ग्राम कुल्हई, थाना कोतवाली देहात, बलरामपुर तथा विवेक कुमार तिवारी निवासी तिवारीपुरवा, थाना खरगूपुर, गोण्डा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह रात्रि में सुनसान सरकारी भवनों की रेकी कर पहले सीसीटीवी तोड़ता और डीवीआर से डेटा नष्ट कर महंगे उपकरण चोरी करता था। खंडहर मकान में छिपाया गया सामान बरामद कर सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

**सख्ती**

**मिशन कर्मयोगी और स्वच्छता मार्ट निर्माण में तेजी लाने के निर्देश**

# ऑडिट न कराने वाली ग्राम पंचायतों पर होगी कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचार:** सीडीओ अंकिता जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ओएसआर पोर्टल पर 850 ग्राम पंचायतों के अब तक ऑनबोर्ड न होने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई और संबंधित ग्राम पंचायतों को तत्काल ऑनबोर्ड किए जाने के सख्त निर्देश दिए।




समीक्षा बैठक करती सीडीओ अंकिता जैन। ● अमृत विचार

केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि के सापेक्ष कम व्यय करने वाले विकास खंडों को निर्देशित किया गया कि वे नियमानुसार लंबित भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करें, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि 850 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय जन सुविधा केंद्र अपेक्षित सेवाएं उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इस पर सीडीओ ने संबंधित ग्राम पंचायतों में जन सुविधा केंद्रों का संचालन प्रभावी ढंग से करने तथा अधिक से अधिक प्रमाण पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए।

वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक जिन ग्राम पंचायतों में ऑडिट नहीं कराया गया है, उन्हें समस्त अभिलेख तत्काल जिला लेखा परीक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अभिलेख प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आई गॉट पोर्टल पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पाठ्यक्रम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में गोनार्द स्वच्छता मार्ट के निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए।

## आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश का मौका

**बलरामपुर अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी है, जबकि परीक्षा 15 मार्च को होगी। जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, सेखुईकला, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कॉलेज, विशुनपुर विश्राम तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालक विद्यालय, बालापुर में विभिन्न कक्षाओं में सीटें रिक्त हैं।

## मॉप-अप राउंड का सीएमओ ने किया निरीक्षण



माप अप राउंड का निरीक्षण करते सीएमओ डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत मॉप-अप राउंड का शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने राजकीय इंटर कॉलेज गैसड़ी में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों को एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाए जाने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय तक विद्यालय में कुल 386 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा दी जा चुकी थी। सीएमओ ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में एनीमिया, कुपोषण और शैक्षणिक कमजोरी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए सभी पात्र बच्चों को दवा का सेवन कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि जो बच्चे किसी कारणवश दवा नहीं ले सके हैं, उन्हें मॉप-अप राउंड में अनिवार्य रूप से आच्छादित किया जाए। डीआईसी मैनेजर शीतांशु रजक ने बताया कि मॉप-अप राउंड में 2,99,785 बच्चों को दवा खिलाई गई, जबकि 10 फरवरी 2026 को आयोजित मुख्य अभियान में 9,25,496 बच्चों को दवा दी गई थी। इस प्रकार कुल 12,66,835 लक्ष्य के सापेक्ष 12,25,281 बच्चों को आच्छादित किया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार चौधरी सहित शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।

## सादमा आबदीन व अंश बने मिस व मिस्टर क्लास



मिस एवं मिस्टर क्लास को सम्मानित करता विद्यालय प्रबंधन। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में कक्षा-10 के छात्र-छात्राओं के लिए शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा व उपप्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय एवं राघवेंद्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन स्वयं एक परीक्षा है, इसलिए बोर्ड परीक्षा को बिना तनाव व आत्मविश्वास के साथ दें। कक्षा-9 के विद्यार्थियों ने रोली-टीका कर वरिष्ठों का स्वागत किया। केक कटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैंप वॉक प्रतियोगिता में सादमा आबदीन को 'मिस क्लास-10 पीपीएस' तथा अंश मिश्रा को 'मिस्टर क्लास-10 पीपीएस' चुना गया। दोनों को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।

## सवर्ण आयोग गठन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



सवर्ण आयोग गठन को लेकर एसडीएम करनैलगंज को मांग पत्र देते लोग।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रतापबली सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में सवर्ण आयोग के गठन सहित विभिन्न मांगें उठाई गईं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सवर्ण समाज के आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक व धार्मिक उन्नयन के लिए अन्य वर्गों की भांति सरकार अलग से बजट आवंटित करे। साथ ही सवर्ण समाज के साथ घटित अपराधों में क्षतिपूर्ति के लिए निर्धारित धनराशि तय करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त एससी-एसटी एक्ट में बिना जांच गिरफ्तारी पर रोक लगाने, सवर्ण समाज के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग व छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन में मनु महाराज, मनुस्मृति व सनातन महापुरुषों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी व पोस्टर जलाने की घटनाओं को दंडनीय अपराध घोषित करने की भी मांग की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामगढ़ वनटांगिया में कैंसर-टीबी स्क्रीनिंग शिविर



शिविर में इलाज करती चिकित्सकों की टीम। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज की ओर से शुक्रवार को क्षेत्र के वनटांगिया गांव रामगढ़ में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर एवं क्षय (टीबी) रोग की स्क्रीनिंग के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान 12 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। सीएचसी अधीक्षक राम मोहन सिंह ने बताया कि कैंसर, टीबी, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की समय पर पहचान से जटिलताओं को रोका जा सकता है। शिविर में एचईवीओ विपिन त्रिपाठी, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. जय हिन्द मौर्या, सीएचओ दिव्या राय, सपना देवी, एएनएम पूजा यादव आदि मौजूद रहीं।

## नियमों की अनदेखी पर बस व मालवाहन जब्त

**गोंडा, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रशासन एवं यातायात निरीक्षक की ओर से यातायात नियमों के पालन को लेकर संयुक्त अभियान चलाया गया। करनैलगंज चौराहे पर तीन बसों पर कार्यवाही की गई। इन बसों की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाया गया। इनमें से एक बस को तत्काल सीज कर दिया गया। अन्य दो बसों के चालकों को चेतावनी देकर आगे की कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया गया। जांच में तीन माल वाहनों के खिलाफ नियमों का उल्लंघन पाया गया। इन वाहनों को जब्त कर लिया गया एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा। अभियान के दौरान यातायात निरीक्षक और संबंधित अधिकारियों की टीम ने मिलकर हर वाहन की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को तुरंत चेतावनी या जब्ती की कार्रवाई की।

## निर्माण में गड़बड़ी पर साइट इंचार्ज पर मुकदमा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अयोध्या रिंग रोड परियोजना में निर्माण सामग्री की आपूर्ति और मापन प्रणाली में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य कर रही ओएसएस कंस्ट्रक्शन कंपनी की तहरीर पर थाना नवाबगंज में साइट इंचार्ज/भंडार अधिकारी के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कंपनी प्रबंधक सुनील तिवारी ने पुलिस को बताया कि दत्तनगर में स्थापित साइट कार्यालय से निर्माण सामग्री की आवक-जावक का लेखा-जोखा कंपनी के विशेष सॉफ्टवेयर से संचालित होता है। व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्वालियर निवासी जितेन्द्र कुमार, जो भंडार अधिकारी के पद पर तैनात थे, के पास थी। तहरीर के अनुसार संबंधित कर्मचारी ने कंपनी के सॉफ्टवेयर में अनधिकृत तरीके से छेड़छाड़ कर अभिलेखों में अंतर पैदा किया। साथ ही धर्म कांटे पर लगे लोड-सेल में तकनीकी हस्तक्षेप कर वास्तविक वजन से कम सामग्री को अधिक दर्शाया जाता रहा। इससे वोल्डर, बालू और डीजल जैसी निर्माण सामग्री की आपूर्ति में लगातार विसंगतियां पाई गईं।

न्यूज ब्रीफ

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

इकौना, श्रावस्ती: इकौना थाना क्षेत्र में भिनगा मार्ग पर महादा मोड़ के पास गुरुवार रात सामने से आ रही चौपहिया वाहन के हेडलाइट की चमक में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना में बाइक सवार थाना क्षेत्र के ग्राम अंधरपुरवा निवासी लोकेश कुमार (18) पुत्र चेतराम व कोटवा इमलिया निवासी आत्माराम विश्वकर्मा (42) पुत्र मुन्नाराम गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों इकौना से एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया। वहां दोनों का उपचार किया जा रहा है।

### हादसे में तीन घायल

वीरगंज, श्रावस्ती: हरदत नगर गिरंट थाना क्षेत्र के देवरनिया गांव निवासी आशिया (18) पुत्री मन्नू खां, नाजमा (45) पत्नी मन्नू खां शुक्रवार को पुत्र रियाज (27) के साथ बाइक से भिनगा आ रही थी। नरैनापुर गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती लाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया।

### दुर्घटना में युवक घायल

जमुनहा, श्रावस्ती: हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के ग्राम मनवरिया दीवान निवासी ननकू वर्मा (30) शनिवार को बाइक से बहराइच जिले के ग्राम हुडरुवा वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। वापस लौटते समय नानपरा-बदला मार्ग पर मिर्जापुर चौराहे के निकट सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना में ननकू गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

# जंगली जानवर का बालक पर हमला, मां ने बचाई जान

## रूपईडीहा रेंज स्थित रामनगर गांव की घटना, लखनऊ रेफर

संवाददाता बहराइच


घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार: रूपईडीहा रेंज में स्थित रामनगर ग्राम में गुरुवार की देर रात करीब दो बजे जंगली जानवर ने मां के पास सो रहे सात साल के बालक पर हमला कर दिया। बालक की चीख पर मां की नींद खुल गई। बच्चे को बचाने के लिए वह जानवर से भिड़ गई। जानवर के हमले में मासूम के सिर में गंभीर घाव हो गया है। परिजन उसे इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

अजय मिश्रा का सात साल का बेटा श्याम अपनी मां पूजा के साथ बरामदे में सो रहा था। तभी रात करीब दो बजे जंगली जानवर ने घर में घुसकर मासूम पर हमला कर दिया। बालक की चीख पर जगी मां शोर मचाते हुए जानवर से भिड़ गई। करीब पांच मिनट संघर्ष के बाद जानवर मासूम को छोड़कर भाग गया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया है। मां पूजा ने बताया कि अंधेरा होने के कारण हमलावर जानवर कौन सा वो देख नहीं पाई। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

जंगली जानवर के हमले की सूचना पर शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से मामले की जानकारी ली और ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा।

# खड़े ट्रक से 100 लीटर डीजल चोरी

इकौना, श्रावस्ती: थाना क्षेत्र इकौना के वीरपुर मोड़ स्थित बौद्ध परिपथ के पास स्थित मो० कैसर की दुकान के पास खड़ी एक ट्रक से अज्ञात चोर ने डीजल चोरी कर लिया। पीड़ित चालक ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए तहरीर में ट्रक यूपी 53 ईटी 4778 के चालक प्रदीप ने कहा है कि गुरुवार रात उसने दुकान के सामने अपना ट्रक खड़ा किया था। सुबह करीब चार बजे अज्ञात व्यक्ति ने ट्रक से करीब 100 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद है, लेकिन उसमें चोर का चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में चालक ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# शिव बारात की तैयारियों का लिया जायजा

जरवलरोड, बहराइच: आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर प्राचीन शिवमंदिर से प्रतिवर्ष की भांति निकलने वाली भव्य शिव बारात की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक कैसरगंज डीके श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल तथा प्रस्तावित रूट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत विमर्श किया। शिव परिवार जरवलरोड के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के संयोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 फरवरी को प्राचीन शिवमंदिर से शिव बारात गाजे-बाजे के साथ प्रस्थान करेगी। बारात जरवलरोड बाजार के मुख्य मार्गों से होकर भ्रमण करते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। कार्यक्रम से जुड़े चंदन गुप्ता ने बताया कि शिव बारात में आकर्षक लाइट, डीजे और भव्य झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही शिव बारात में शामिल होने वाले जानती-बराती एवं श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई है।


शिव बारात की तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

# गोरखपुर की टीम ने लखीमपुर को हराया

बहराइच, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसो. के तत्वावधान में आयोजित प्रथम देवी पाटन मंडल वुमेंस सीनियर स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान में चौथे दिन का मैच खेला गया। शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो. लखीमपुर खीरी और मंडल क्रिकेट एसो. गोरखपुर के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर गोरखपुर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर ने निर्धारित 30 ओवरों में 2 विकेट पर 236 रन बनाए, जिसमें आकांक्षा मल ने सर्वाधिक 133 रनों का योगदान दिया। लखीमपुर खीरी की ओर से निकुंज ने एक विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी लखीमपुर खीरी की टीम ने 30 ओवर खेलकर 6 विकेट खोकर 85 रन ही बना पाई, लखीमपुर खीरी की ओर से आल्या खान ने सर्वाधिक नाबाद 26 रनों का योगदान दिया तथा गोरखपुर की ओर से आराध्या निगम ने दो विकेट लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आकांक्षा मल को वूमेन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। निर्णायक की भूमिका में मान्या मिश्रा और शताक्षी अवस्थी रहीं। स्कोरर फातिमा रहीं तथा मैच का आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया। इस मौके पर टूर्नामेंट के निदेशक इशरत मोहम्मद खान, अभिषेक शुक्ला, अमित ठाकुर, हरेंद्र, अंशुमान पांडेय आदि मौजूद रहे।

# त्रिमूर्ति शिव जयंती समारोह संपन्न

जरवल रोड, बहराइच: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के तत्वावधान में केंद्र जरवलरोड पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती समारोह दिव्य वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मा ध्वज फहराकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिव संदेश, आत्मजागृति और नैतिक मूल्यों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। रगड़गंज आश्रम से पधारीं बड़ी दीदी बीके सुनीता ने कहा कि शिव जयंती आत्म परिवर्तन और विश्व कल्याण का पर्व है। जब हम अपने विचारों को पवित्र बनाते हैं तभी सच्चे अर्थों में शिव का अवतरण हमारे जीवन में होता है। संचालन केन्द्र संचालिका बीके योगिनी दीदी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण यादव एडवोकेट, भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी, बीके प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, बीके अमरनाथ विश्वकर्मा, रघुनाथ प्रसाद, शिव प्रताप सिंह, श्रीवास्तव, बनारसी दास गुप्ता, अजय कुमार वर्मा, बीके प्रेम, बीके ननकू, बीके विमल, गंगा दीदी, वंशिका, आशी शुक्ला, महक दीक्षित सहित सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित रहे। समारोह में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



शिव जयंती समारोह में महादेव का स्वरूप धारण किए बच्चे। अमृत विचार

# शिक्षकों की समस्याओ को लेकर होगा धरना-प्रदर्शन

बहराइच, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच द्वारा शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 18 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगा। जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने बताया कि शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई जिससे दो महीने होने वाले हैं अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वीकृत, विकास खंड पयागपुर में एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान मात्र कुछ ही मिनट की देरी के लिए लगभग 65 शिक्षक/शिक्षिकाओं की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बाधित कर दी गई है।

# दुष्कर्म की शिकायत पर परिजनों को जमकर पीटा

जमुनहा, श्रावस्ती: हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र में बकरी चराने गई एक बालिका के साथ गांव निवासी एक किशोर ने दो किशोरों के सहयोग से दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत पर विपक्षियों ने घर में घुस कर मारपीट की। एसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बालिका की मां का आरोप है कि बकरी चराने गई उसकी बेटी के साथ गांव निवासी किशोर ने दो अन्य किशोरों के सहयोग से दुष्कर्म किया। जब इसकी शिकायत आरोपियों के परिजनों से की तो वह मारपीट पर उतारु हो गए। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने करवाई नहीं की तो उसने एसपी को शिकायती पत्र दिया। इससे नाराज विपक्षियों ने गुरुवार शाम लाठी-डंडे से घर पर हमला कर परिवार के लोगों को जमकर पीटा। इस बारे में एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक 18 को

बहराइच, अमृत विचार: जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक 18 फरवरी 2026 को सांय 05:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों के निर्माण की प्रगति/निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति, एसएफसी पूलिंग की अद्यतन प्रगति, हरा चारा उत्पादन व सीसी कैमरे संचालन इत्यादि की सूचनाओं संग प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# भिनगा में चला विशेष स्वच्छता अभियान

श्रावस्ती, अमृत विचार: नगर पालिका परिषद भिनगा की ओर से शुक्रवार को "स्वच्छ भिनगा, सुंदर भिनगा" अभियान के तहत वार्ड नंबर 20 नई बाजार में विशेष सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों व व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बाजार में मौजूद लोगों को ईओ डॉ अनीता शुक्ला ने स्वच्छता शपथ दिलाई। साथ ही लोगों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। ईओ ने बताया कि घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी में ही डालें, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वहै स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सक्रिय सहयोग दें और खुले में कचरा न फेंकें। साथ ही नागरिकों को टोल फ्री नंबर 1533 और 14420 की जानकारी भी दी गई, ताकि वे सफाई संबंधी शिकायत या सुझाव सीधे दर्ज करा सकें। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद भिनगा का यह अभियान शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।


नई बाजार वार्ड में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलातीं ईओ डॉ. अनीता शुक्ला। अमृत विचार

### मोक्ष दायिनी है श्रीमद्भागवत कथा

मल्हीपुर, श्रावस्ती : हरिहरपुररानी क्षेत्र के ग्राम शिवगढ़कलां में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को प्रवाचक शक्ति शरण शर्मा ने भागवत महिमा की कथा सुनाई। प्रवाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष दायिनी है। इसके सुनने मात्र से ही सभी पापों का नाश हो जाता है। भागवत कथा का आयोजन जहां भी होता है वहां सभी देवी देवताओं व तीर्थों का वास होता है। इससे वह स्थान अति पवित्र होता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए जहां भागवत कथा होती है उस स्थान की पूजा सदा होती है। भागवत कथा की महिमा सुन श्रोता आनंदित हो गए। इस मौके पर दद्दन शर्मा, दिनेश शर्मा, जगतराम वर्मा, सैफू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नारी शक्ति को मिला सम्मान


शाश्वत फाउंडेशन की ओर से सम्मानित की गयीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वायत्तशासी संस्था किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला शिक्षिकाओं को शाश्वत फ़ाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रावस्ती में कार्यरत नुसरतबानो को 'विशिष्ट सेवा सम्मान' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह थे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सत्यभूषण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह अंकित उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, क्रीड़ा प्रभारी पंकज सिंह, अतिथि प्रवक्ता अनूप कुमार शुक्ला, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### बेचई पुरवा में पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

सिरसिया, श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस ने शुक्रवार को यातायात सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बेचई पुरवा में सड़क किनारे लगे अवैध ठेला, रेहड़ी, दुकानों एवं खड़े वाहनों को हटवाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की जांच करने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी। इस दौरान पुलिस ने दुकानदारों व आम लोगों से अपील किया कि वे यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखे, जिससे लोगों को आवागमन में होने वाली असुविधा से बचाया जा सके।

### विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित


विद्यालय की ओर से मेधावी नेहा को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : जिले के मिहींपुरवा तहसील अंतर्गत गंगापुर ग्राम पंचायत निवासी नेहा कुमारी पुत्री स्व. रंजीत कुमार भारती ने अपने ग्राम पंचायत समेत पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जेएस एकेडमी प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी के पिता रंजीत किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे जिसके कारण सन् 2012 में निधन हो गया था। जिसके कारण नेहा की माली हालत ठीक नहीं थी विद्यालय प्रबंधन ने उसी समय से मुहिम शुरू किया था कि जिन विद्यार्थियों के सर से पिता का साया उठ चुका है उनको विद्यालय के तरफ से निशुल्क शिक्षा दी जाएगी जिसके तहत नेहा की पहले क्लास से पढ़ाई लिखाई में आर्थिक परिस्थितियां बाधक नहीं बनीं और इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण 2024 में करने के बाद अब सीआईएसएफ में नेहा का चयन हो गया है। जिससे नेहा की माता सुनीता का कहना है कि विद्यालय ने उनके जीवन का अभिशाप दूर कर दिया इसके अतिरिक्त वो इतने आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थीं कि वो नेहा की पढ़ाई करा पाती कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई करा पातीं आज नेहा जो कुछ भी है विद्यालय और परिवार की देन है। नेहा के चयन से भाई अभय, चाचा राजेश भारती, उमेश भारती समेत पूरे ग्राम सभा में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने बताया की उनके द्वारा नेहा जैसे और भी 100 के लगभग असहाय छात्र छात्राएं नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि नेहा के जैसे मेहनत करके अपने सपनों को पंख दे जिसमें विद्यालय उनके साथ हर कदम खड़ा है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

रंगारंग

संवाददाता पयागपुर, बहराइच


विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार: नगर पंचायत पयागपुर बस स्टॉप स्थित आर.एस. मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर की गई। मुख्य अतिथि समय प्रसाद मिश्र ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी होते हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।

उन्होंने विद्यालय के अनुशासन और बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देश-भक्ति गीतों, लोक नृत्य और सामाजिक कुरीतियों पर आधारित लघु नाटकों के माध्यम से बच्चों ने उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजयी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया इस भव्य आयोजन के दौरान विद्यालय के प्रबंधक धनंजय मिश्र एवं श्रीराम प्रसाद मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अध्यक्ष विदुर तिवारी, कार्यक्रम प्रबंधक ऋषिकेश तिवारी और प्राचार्य अम्बरीश तिवारी की मुख्य भूमिका रही।

इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद, 35 हजार जुर्माना

श्रावस्ती, अमृत विचार: वर्ष 2013 से विचाराधीन एक दुष्कर्म मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। गिलौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने 27 अप्रैल 2013 में गिलौला थाने में तहरीर दिया था। आरोप लगाया था कि 26 अप्रैल की रात वह अपने कमरे में सो रही थी। रात करीब एक बजे गांव के ही छोटकऊ पुत्र स्वामी खुली झांकी से अंदर आया और अंदर से दरवाजा खोल लिया। इसके बाद उसे जबरन उठा ले गया और गांव के बाहर खेत में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। साथ ही पुलिस की ओर से आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले का विचारण न्यायालय में चल रहा था। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अभियोजक प्रेम कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश, एससीएसटी एक्ट की अदालत पर हुई।

### महिला ने की आत्महत्या

जरवलरोड, बहराइच : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खेसुवा में 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीनगर निवासी सुभाष चंद्र मौर्य की पुत्री सुनीता मौर्य का विवाह ग्राम खेसुवा निवासी अरविंद मौर्य के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम मामूली कहासुनी एवं पारिवारिक विवाद के बाद सुनीता ने घर के अंदर छत के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### दुष्कर्मी को आजीवन कैद

श्रावस्ती, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उसे एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2021 में मल्हीपुर थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मल्हीपुर थाने में पोक्सो, एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मामले का विचारण न्यायालय अपर सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम की अदालत पर चल रहा था। शुक्रवार को मामले में आरोपित शेषराम यादव पुत्र शिव प्रसाद यादव निवासी गंगा भागड़ थाना मल्हीपुर को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक लाख अर्थदंड से दंडित भी किया।

# पुलिस ने रोकी कांग्रेस की पदयात्रा, हुई जद्दोजहद

मनरेगा बचाओ अभियान

संवाददाता श्रावस्ती


भुजंगा गांव के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से वार्ता करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार: मनरेगा का नाम बदले जाने के बाद से ही कांग्रेस की ओर से मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न आयोजन कर सरकार के निर्णय का विरोध हो रहा है। जिले में मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस की ओर से निकाली गई पदयात्रा को शुक्रवार पुलिस ने रोक दिया। घंटों चले जद्दोजहद के बाद पदयात्रा सम्पन्न हुई।

मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष विद्यामणि त्रिपाठी के नेतृत्व में पदयात्रा निकली गई। इसकी शुरुआत बंठिहवा चौराहे से हुई। भुजंगा गांव से पहले पुलिस ने पदयात्रा को रोक दिया और परमीशन न लेने का हवाला दिया। इस बाद पर जद्दोजहद शुरू हो गई। पुलिस की ओर से यात्रा रोके जाने से आक्रोशित पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए साथ ही सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। पुलिस की ओर से इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। इसके बाद भिनगा एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे। जिनके बीच बातचीत के बाद यात्रा को आगे जाने दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है। जिसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आज यह पदयात्रा निकाली गई थी।

वहीं मनरेगा बचाव संघर्ष समिति के जिला प्रभारी पंडित अमन पांडेय ने कहा कि भाजपा की रैलियों में यही पुलिस आगे पीछे चलती है। लेकिन कांग्रेस की पदयात्रा को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह राहुल गांधी देशभर में गरीबों, मजदूरों और किसानों की आवाज उठा रहे हैं, उसी संकल्प के साथ कांग्रेस पार्टी मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

पदयात्रा में यात्रा प्रभारी अनुज सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, असलम, चंद्रपाल सिंह यादव, इमरान मलिक, पंकज वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अमृत विचार

शनिवार, 14 फरवरी 2026






सपने वो नहीं हैं, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
**-एपीजे अब्दुल कलाम**, पूर्व राष्ट्रपति

## बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

### प्रसंगवश

## मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।



**दीपक नौगांई**
लेखक

हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

# आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





**राजेश श्रीनेत**
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

> बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

### आमने सामने



हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।
**-अभय सिंह चौटाला**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।
**-कृष्ण बेदी**
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



## चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



**अजय दयाल**
हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैंकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन–निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

> डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

### सोशल फोरम

## बलेसरा काहें बिकाला

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'



**दयानंद पांडेय**
ब्लॉगर

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।



**डॉ. रमेश ठाकुर**
लेखक

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोंड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)





आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -
तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -
'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'







शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाईं तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -
' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।
'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन ख़रीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।

## पुरस्कार और सम्मान

2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द



प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम

20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।



इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरें' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की शृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.76 | 25,471.10 |
| गिरावट | 1,048.1 | 336.10 |
| प्रतिशत में | 1.25 | 1.30 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 14 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### केरल शहरी नीति तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल भविष्य की शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यापक शहरी नीति तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। शुक्रवार को घोषित इस नीति में राज्य के शहरी विकास के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पेश की गई है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा तैयार शहरी नीति के मसौदे को मंजूरी दी गई। इस नीति की परिकल्पना में वर्ष 2050 तक केरल को 'जलवायु-अनुकूल शहरों और कस्बों के एक निरंतर नेटवर्क' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जहां वैज्ञानिक नियोजन और सुशासन सुनिश्चित होगा।

### बैंक कर्ज में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में 14.41 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** बैंक ऋण में वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई है और 31 जनवरी को समाप्त पखवाड़े में यह सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, बैंकों के गैर-खाद्य ऋण विस्तार का यह प्रमुख आंकड़ा जीएसटी युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद पिछले पांच महीनों से दहाई अंक में बना हुआ है। यह हाल के महीनों में खुदरा कर्जदारों और कॉरपोरेट दोनों की कर्ज मांग में सुधार का संकेत देता है। जुलाई में ऋण वृद्धि काफी धीमी थी और दो पखवाड़ों के दौरान यह क्रमशः 9.76 प्रतिशत और 9.98 प्रतिशत रही थी।

### एप्पल इसी महीने बोरीवली में खोलेगी अपना नया स्टोर

**नई दिल्ली।** आईफोन विनिर्माता कंपनी एप्पल बोरीवली में एक नया स्टोर (बिक्री केंद्र) खोलने जा रही है। यह भारत में उसका छठा और मुंबई में दूसरा स्टोर होगा। बोरीवली स्टोर के लिए उसने बैरिकेडिंग कर दी है। कंपनी ने अप्रैल 2023 में मुंबई में अपना पहला और दिल्ली में दूसरा स्टोर खोला था। इसके बाद 2025 में विस्तार जारी रखते हुए कंपनी ने बेंगलुरु में एप्पल हेब्बल और पुणे में एप्पल कोरेगांव पार्क स्टोर खोले। हाल ही में नोएडा में भी नया स्टोर शुरू किया।

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक

## नीति आयोग की रिपोर्ट में रणनीतिक कलपुर्जों का विनिर्माण बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए संरचनात्मक लागत संबंधी चुनौतियों का समाधान करना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर ढंग से फायदा उठाना और रणनीतिक कलपुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

आयोग की शुक्रवार को जारी 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का दुनियाभर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का बाजार है, लेकिन 2024 में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत ही रही। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी कलपुर्जों के बाजार पर चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए एफटीए से भारतीय उत्पादों की विदेशी बाजार तक पहुंच बेहतर हुई है, लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में निवेश जुटाने के लिए घरेलू खरीद नीति में अनुमान लगा पाने की क्षमता, निर्यात वित्त और विनियामक सरलीकरण पर अधिक जोर देना होगा।

नीति आयोग ने सुझाव दिया कि भारत की रणनीति को असेंबली आधारित वृद्धि से आगे बढ़कर कलपुर्जा-आधारित विनिर्माण की ओर स्थानांतरित होना चाहिए। आपूर्ति पक्ष पर प्रोत्साहनों को घरेलू मूल्य संवर्धन, निरंतर शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने वाले एंकर निवेश से जोड़ा जाना चाहिए।

**दुनिया में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का है इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत, चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा**



### भारतीय निर्यात में मोबाइल फोन का 52.5% हिस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मुख्यतः अमेरिका, यूएई एवं नीदरलैंड को होते हैं और इनमें मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 52.5 प्रतिशत है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में इंटीग्रेटेड सर्किट, मोबाइल फोन और डेटा प्रोसेसिंग मशीनों की बड़ी हिस्सेदारी है। सितंबर तिमाही में देश के कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात में लगभग 8.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो आयात वृद्धि से अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमापार ई-कॉमर्स 2030 तक निर्यात वृद्धि का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

### अमेरिका ने ताइवान पर लगे प्रतिबंध कम करने के लिए किया समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ताइवान अपने 99 प्रतिशत टैरिफ अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिका कंप्यूटर चिप के उत्पादन के लिए ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीने में चिप निर्यात के कारण दोनों देशों के बीच करीब 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह 15 प्रतिशत दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया पर लागू दर के समान है।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 3,99,386 इकाई रही थी। जनवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि स्कूटर की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 7,50,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,26,416 इकाई रही।

बयान के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई जबकि जनवरी 2025 में यह 58,167 इकाई रही थी।

# रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी।

पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है। हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई।



- रियायती दर पर भारी कच्चे तेल के आयात का रास्ता साफ

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

**स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट**



आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब इसमें गिरावट आई है।

### आरबीआई ने जारी किया अग्रणी बैंक योजना में संशोधन प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रणी बैंक योजना (एलबीएस) के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित करने और कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश प्रस्तावित किए। यह योजना 1969 में जिला स्तर पर विकास गतिविधियों के समन्वय के लिए शुरू की गई थी।

एलबीएस का उद्देश्य बैंकों, सरकार और अन्य विकास एजेंसियों की गतिविधियों का समन्वय कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना और वित्तीय समावेश को मजबूती देना है। प्रस्तावित दिशानिर्देशों में योजना के उद्देश्यों को परिष्कृत करने, विभिन्न मंचों की संरचना, सदस्यता एवं कार्यसूची को स्पष्ट करने, प्रमुख पदाधिकारियों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को निर्धारित करने और राज्य-स्तरीय बैंकर समिति और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयों को मजबूत बनाने के प्रावधान शामिल हैं।

# 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।



- सरकार ने पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी दी मंजूरी

मंत्रालय ने कहा कि अधिक भंडार, कीमतों में गिरावट, उम्मीद से ज्यादा उत्पादन और फसल की बड़ी आवक के दौरान मजबूरी में बिक्री रोकने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय घरेलू कीमतें स्थिर करने, बाजार में तरलता बढ़ाने, भंडारण का सही उपयोग सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय मजबूत करने में मदद करेगा।

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सरकार ने 14 नवंबर, 2025 के आदेश के माध्यम से चालू चीनी सत्र के दौरान 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी।



# लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल

## बजट सत्र का पहला चरण पूरा, दोनों सदन नौ मार्च तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में शुक्रवार को कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से संपर्कों को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की बैठक एक बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को संसद में बजट सत्र का पहला चरण भी संपन्न हो गया जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी जिस पर सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोरशराबे के बीच ही दिया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।



**सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सरोजिनी नायडू प्रतिभाशाली वक्ता, सुविख्यात कवयित्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### संसद को बाधित करने का बहाना तलाशते हैं राहुल गांधी: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नए-नए बहाने तलाशते हैं। बजट सत्र के हंगामेदार पहले चरण में अमेरिका से व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

### पुरी का झूठ पकड़ा गया, फौरन इस्तीफा लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को सरासर झूठ करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा था कि वह कुछ मौकों पर एप्स्टीन से मिले थे, लेकिन इसका उसके अपराधों से कोई लेनादेना नहीं था। खेड़ा ने कहा, पुरी ने दावा किया है कि उनकी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई। ये सरासर झूठ है। यह भी झूठ है कि उन्होंने एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा था। ईमेल से स्पष्ट है कि पुरी खुद एप्स्टीन से मिलने का आग्रह करते थे।

# बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़, बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**नई दिल्ली।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आए थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।

राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमेरिका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमेरिकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत हैं।



- जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का धरना, होली पर करेंगे विरोध

### केरल में बच्ची के यौन शोषण में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**त्रिशूर।** कोडुंगलूर में एक मंदिर के पुजारी को नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी 48 वर्षीय शाजी कोडुंगलूर के पास एडविलांगु का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शाजी ने एडविलांगु स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए अनुष्ठान किए। पिछले साल 14 वर्षीय पीड़िता के लिए अनुष्ठान करते समय आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने शाजी के एक समारोह में शामिल होने से इन्कार करने के बाद अपने रिश्तेदार को शोषण की जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर कोडुंगलूर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो के तहत पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# तमिलनाडु में महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये

**चेन्नई, एजेंसी**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार ने कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना'' (कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थिट्टम) के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को पांच-पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को अब तक प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे थे।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले इसे एक बड़े राजनीतिक दांव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिहार से संकेत लेते हुए शुक्रवार सुबह महिला लाभार्थियों के खाते में पैसे डालने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सूचना दी, जिससे पूरा विपक्ष हैरान रह गया। विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है और यह कदम चुनाव आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले आया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार ने चुनाव के बहाने इस योजना के तहत वित्तीय सहायता रोकने की कोशिश को पहले ही भांप लिया और फरवरी, मार्च तथा अप्रैल के लिए कुल 3,000 रुपये का अग्रिम भुगतान प्रत्येक लाभार्थी के लिए 2,000 रुपये के विशेष ग्रीष्मकालीन भत्ते के साथ जमा कर दिया है।

- आदर्श आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले स्टालिन का दांव, विपक्ष हैरान

स्टालिन ने सत्ता में लौटने पर इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का वादा करते हुए कहा कि यह उनका बहनों को दिया गया वचन है, जिनके अटूट समर्थन से द्रविड़ मॉडल 2.0 निश्चित रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगा। चूंकि यह घोषणा अचानक हुई, इसलिए विपक्ष दंग रह गया।

### अमेरिका से समझौते के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन हो

**नई दिल्ली।** कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करने और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कांग्रेस के अनुसार संसद भवन परिसर में यह मुलाकात हुई। राहुल ने कहा कि इस समझौते ने कृषि आयात खोल दिया है और जल्द ही कई फसलें इसकी चपेट में आ सकती हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध जताया और मक्का, सोयाबीन, कपास, फलों और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।

### दंपती ने 58 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दी तलाक की अर्जी, खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में 58 वर्ष से साथ जीवन व्यतीत कर रहे दंपती के तलाक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि संपत्ति विवाद या सामान्य पारिवारिक मतभेद को तलाक का कारण नहीं माना जा सकता। करीब 78 वर्षीय पति की ओर से दायर इस याचिका में अपनी 75 वर्षीय पत्नी से तलाक की मांग की गई थी। पति ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद पत्नी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद पैदा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि दंपती ने 1967 से 2013 तक करीब छह दशक तक सामान्य वैवाहिक जीवन बिताया। अब तलाक का अनुरोध असंवैधानिक और अनुचित है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खींचतान, आपसी आरोप-प्रत्यारोप और दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियों को क्रूरता या तलाक का आधार नहीं माना जा सकता।

- हाईकोर्ट ने कहा- सामान्य मतभेद नहीं बन सकते तलाक का कारण

### दिल्ली के पांच स्कूलों को दी बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली आपत्तिजनक सामग्री थी जिसमें दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा और स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे बम विस्फोट होगा। यह भी कहा गया था कि दोपहर 2.11 बजे संसद के अंदर विस्फोट होगा, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ा दी गई और समन्वय स्थापित किया गया। डीएफएस के मुताबिक दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन (पूसा रोड), केंद्रीय विद्यालय (गोल मार्केट), हैप्पी पब्लिक स्कूल (दरियागंज), राबिया पब्लिक स्कूल (बल्लिमारान) और सीएल भल्ला डीएवी स्कूल (झंडेवालान) को धमकी भरे ऐसे ईमेल मिले। डीएफएस के अनुसार, व्यापक तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

- ईमेल में दिल्ली को खालिस्तान बना देने का भी किया गया था दावा

### कर्नाटक : नेशनल हाईवे पर तीन वाहनों की टक्कर में सात की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे तालुक के एम सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक कैंटर गाड़ी की टक्कर की वजह से हुआ। यह हादसा होसकोटे-डबसपेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बताया गया कि पहले एक कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इसके बाद कार एक कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार तेज रफ्तार में चल रही थी। पीछे से बाइक को टक्कर मारने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिर कैंटर से टकरा गई।

- तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई और फिर कैंटर से भिड़ी

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

- अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।

## अब सेवा तीर्थ




### सत्ता से सेवा का सफर

- औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।
- नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।
- सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।
- संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### क्या-क्या बदल गया

- एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।
- खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।
- डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

- इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।
- स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।
- सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।
- पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

**भविष्य :** साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

**नई दिल्ली।** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

**काठमांडू।** पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

**हवाना।** अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

- चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।


बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

- नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

**शिलांग।** नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

- विश्वविद्यालय के एक आवासीय परिसर में हुई घटना

**ऑरेंजबर्ग।** अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि गुरुवार की घटना में मारे गए लोगों की पहचान और घायल की हालत की जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नहीं दी है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही रात करीब 9:15 बजे ऑरेंजबर्ग स्थित परिसर में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे लॉकडाउन हटा लिया गया। घटना के कारण शुक्रवार की कक्षाएं रद्द कर दी गईं।

## ईयू के नेताओं ने आर्थिक पुनर्गठन पर सहमति जताई

**बिल्ज़ेन-होसेल्ट।** यूरोपीय संघ के नेताओं ने 27 देशों के इस गुट की अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक पुनर्गठन योजना पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख, चीन की दबावकारी नीतियों और रूस पर हाइब्रिड खतरे पैदा करने के आरोपों के बीच उठाया गया है। गुरुवार को बेल्जियम में हुई बैठक में नेताओं ने एक कार्ययोजना पर सहमति दी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, दबाव और तात्कालिकता की भावना बेहद प्रबल है। बताया कि मार्च में औपचारिक रूप से पेश की जाने वाली योजना में ऊर्जा ग्रिड के उन्नयन, वित्तीय एकीकरण को गहरा करने और विलय नियमों में ढील देने जैसे उपाय शामिल होंगे।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को एक मजबूत भारत जरूरी

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अमेरिकी मंत्री ने की टिप्पणी

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाये रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला कैसे करना चाहिए और बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

- ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।

## फलस्तीन एक्शन पर प्रतिबंध अवैध करार दिया गया

**लंदन।** ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रदर्शनकारी समूह फलस्तीन एक्शन को आतंकवादी संगठन घोषित करने का निर्णय लिया जाना गैरकानूनी था। न्यायाधीश विक्टोरिया शार्प, जोनाथन स्विफ्ट और करेन स्टेन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की अपील पर विचार किए जाने तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। पिछले साल ब्रिटेन सरकार ने फलस्तीन समर्थक समूह को अल-कायदा और हमास जैसे आतंकवादी संगठनों की श्रेणी में डाल दिया और फलस्तीन एक्शन की सदस्यता या समर्थन को अपराध घोषित कर दिया, जिसके लिए 14 साल तक की जेल हो सकती है। उस समय से मैं फलस्तीन एक्शन का समर्थन करने पर 2,000 से अधिक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** - आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** - आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** - आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** - आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** - आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** - आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** - आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतिष्ट हो सकते हैं।

**धनु** - आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** - आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** - आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** - आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।
–वरुण चक्रवर्ती

# स्टेडियम



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड–ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड–इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने–सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक–एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

### आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह–मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमश: 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

## मैं अब बदला गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।

### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।



### ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

## जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

टी-20 विश्व कप

कोलंबो, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



04 विकेट

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को दिया 197 रनों का लक्ष्य

**चेन्नई।** अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। उन्होंने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग ले चुके मुक्कमल्ला की बल्लेबाजी की खासियत उनके 'ऑफ–साइड' पर लगाए गए शॉट रहे जिसमें कवर्स के ऊपर लगे छक्के शामिल थे। वहीं रंजने ने पारी के अंत में नीदरलैंड के गेंदबाजों की योजना को असफल करते हुए रन जुटाए। पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले रंजने अच्छी फॉर्म में थे।

## अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।''''

गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव



श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।
–सुनील गावस्कर



कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

## कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

नयी दिल्ली, एजेंसी

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।



अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

टी20 विश्व कप

### पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

## उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।
–उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक–रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।